तापमान अधिकतम :22°C न्यूनतम: 08°C

सेंसेक्स 73,730.23 निफ्टी 22,337.30

सोना 88,910 चांदी 98,000

shahtimes2015@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 6 मार्च 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 196 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2081 5 रमजान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


# केंद्र ने दी केदारनाथ व हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड में स्थित तीर्थ स्थल बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोप-वे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 6811 करोड़ रुपये की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी रोप-वे परियोजना के निर्माण को मंजूरी मिली है।

इस परियोजना को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। रोप-वे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला (थ्री एस) तकनीक पर आधारित होगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी, जो प्रति दिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगी। रोप-वे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी,

-शेष पृष्ठ दो पर



■ राष्ट्रीय रोप-वे विकास कार्यक्रम के तहत केंद्र का फैसला, उत्तराखंड को मिला रोप-वे का तोहफा

## शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन को पीएम करेंगे प्रोत्साहित

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (आज) को उत्तरकाशी जनपद में दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे में उत्तराखंड चार धाम शीतकालीन तीर्थाटन, पर्यटन एवं स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन का संदेश देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वे मुखबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पूर्वाह्न 10:30 बजे हर्षिल पहुंचकर उत्तराखंड शीतकालीन पर्यटन और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जादुंग व पीडीए के लिए मोटर बाइक व एटीवी-आरटीवी रैलियों तथा जनकताल एवं मुलिंगला के लिए ट्रैकिंग अभियानों को झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। सीमावर्ती नेलांग-जादुंग-पीडीए क्षेत्र का मनमोहक शीत मरूस्थली पठार का क्षेत्र अभी तक पर्यटन की गतिविधियों से अछूता रहा है। प्रधानमंत्री के हाथों इन क्षेत्रों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों के शुभारंभ से इस क्षेत्र में पर्यटन विकास के नए द्वार खुल जाएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री के द्वारा हर्षिल में जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा।

## पशु रोगों के टीकाकरण के लिए 3880 करोड़ के कार्यक्रम को स्वीकृति


**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 3880 करोड़ रुपये की लागत से खुरपका-मुंहपका और अन्य पशु रोगों के टीकाकरण तथा जेनेरिक दवाओं से संबंधित पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

## डीआरआई ने किया बड़े सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** राजस्व सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण अभियान में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14 किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें ले जा रही एक महिला यात्री को पकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष गुप्त सूचना के आधार पर 33 वर्षीया एक भारतीय महिला यात्री को पकड़ा, जो 3 मार्च, 2025 को एमीरेट्स की उड़ान से दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी। जांच में उसके शरीर में छुपा कर ले जाई जा रही 14.2 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें पाई गईं।


## पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा



कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।

# भारत और चीन पर दो अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे



वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी कठोर टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा है कि चीन और भारत पर दो अप्रैल से उच्च टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए एक महत्वपूर्ण भाषण में टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया। अ

मेरिकी राष्ट्रपति ने विदेशी आयातों पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। भाषण के दौरान भारत का जिक्र करते हुए ट्रम्प ने कहा कि भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ वसूलता है। यदि आप ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफ देना होगा, और कुछ मामलों में, बहुत बड़ा। अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है और अब उन अन्य देशों के खिलाफ उनका उपयोग शुरू करने की हमारी बारी है। अमेरिका पर 'भारी' टैरिफ लगाने वाले देशों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि औसतन, यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मैक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है और अनगिनत अन्य देश हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जितना हम उनसे वसूलते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत अनुचित है। हमारे उत्पादों पर चीन का औसत टैरिफ हमसे दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत टैरिफ चार गुना ज्यादा है। उन्होंने घोषणा की कि पारस्परिक टैरिफ एक अप्रैल से नहीं बल्कि 2 अप्रैल से लागू होंगे, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि यह 'अप्रैल फूल्स डे' के साथ मेल खाए। उन्होंने कहा कि दो अप्रैल को, मैं इसे एक अप्रैल बनाना चाहता था, लेकिन नहीं चाहता था कि इसे अप्रैल फूल्स डे के रूप में टैरिफ लगाए जाए। यह बहुत ज्यादा पैसा है। 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे, वे हम पर जो भी टैरिफ लगाएंगे, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे, पारस्परिक आगे-पीछे। अगर वे हमें बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं, तो हम उन्हें अपने बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं लगाएंगे।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया

### प्रभावित होगा भारत का माल व्यापार अधिशेष

भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़ रहा है। पिछले दशक में, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल में मजबूत निर्यात के कारण अमेरिका के साथ भारत का माल व्यापार अधिशेष दोगुना होकर 35 अरब डॉलर हो गया है, जो अब पारस्परिक शुल्क उपायों के प्रति संवेदनशील हो सकता है।

अमेरिका से भारत के आयात में पेट्रोलियम कच्चा तेल, मोती, कीमती पत्थर, विद्युत मशीनरी, विमान के पुर्जे और सैन्य उपकरण शामिल हैं। अमेरिका को निर्यात में मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, टेलीकॉम उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं। रक्षा उपकरणों का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले श्री ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, अगर वे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ब्रिक्स देशों द्वारा प्रतिद्वंद्वी मुद्रा बनाने का कोई भी प्रयास ऐसे टैरिफ को जन्म देगा। यह आक्रामक रुख अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को जारी रखने की अमेरिका की नीति को दर्शाता है।

# औरंगजेब की तारीफ करने वाले विधायक को यूपी भेजें अच्छे से होगा उपचार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीएम ने सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर पार्टी को आड़े हाथों लिया

■ कहा: सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) को औरंगजेब की तारीफ करने वाले अपने विधायक को तत्काल पार्टी से बाहर कर देना चाहिए और उन्हें उत्तर प्रदेश भेज देना चाहिए, ताकि उनका उपचार हो सके।

विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान योगी ने महाराष्ट्र में सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे और उसे उत्तर प्रदेश भेजे। यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को 'महान प्रशासक' बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डा. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डा. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे कि श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है।



## अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ सरकार ने शिकंजा कस दिया है।

लखनऊ के गोमती नगर थाने में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफा लिमिटेड, प्रणव अंसल, सुशील अंसल, सुनील कुमार गुप्ता, फेरन्सेटी पैट्रिका अटकिशन और विनय कुमार सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (5), 318 (4), 61(2), 352,351(2), 338,336(3), 340(2), 111 और प्रिवेंशन ऑफ डेमेज टु पब्लिक प्रापर्टी एक्ट 1984 की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। आपराधिक धाराओं के तहत छह माह से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। अंसल के निदेशक प्रणव अंसल, विकास यादव, महाप्रबंधक अमित शुक्ला और अन्य के खिलाफ गाजियाबाद देहात के डूंडाहेडा थाने में भी एक एफआईआर दर्ज की गई है।






## अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू होगी और रक्षा बंधन के दिन नौ अगस्त को संपन्न होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां राजभवन में श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज, डीसी रैना, कैलाश मेहरा साधु, केएन राय, पीतांबर लाल गुप्ता, डा. शैलेश रैना और प्रोफेसर विश्वमूर्ति शास्त्री, श्राइन बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। बोर्ड ने अनंतनाग जिले के पहलगाम और गंदेरबल जिले के परंपरागत बालटाल दोनों मार्गों से एक साथ शुरू होने वाली यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव रखा।

## मायावती ने भाई आनंद को भी किया पद से मुक्त

**लखनऊ।** पिछले दिनों भतीजे आकाश आनंद को बसपा से निष्कासित कर भाई एवं पार्टी उपाध्यक्ष आनंद कुमार को नेशनल कोऑर्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेदारी देने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उन्होंने श्री कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक के पद से उनकी इच्छानुसार मुक्त कर दिया है। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत। उन्होंने कहा कि ऐसे में श्री आनन्द कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे।

## राहुल गांधी पर 200 रुपये का लगा जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस नेता पर कोर्ट में हाजिर न होने पर लगा अर्थदंड

**लखनऊ।** उप्र के लखनऊ में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। एसीजेएम कोर्ट ने जुर्माने की रकम वादी के वकील नृपेंद्र पांडेय को देने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने यह कार्रवाई राहुल गांधी के व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होने पर की है। एसीजेएम कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही वार्निंग दी गई है कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं, तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता वकील नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसम्बर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। जिसकी सुनवाई लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट में चल रही है, हालांकि सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होने की वजह से कोर्ट ने 200 रुपये का जुर्माना लगाया।

## तेजस में जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस प्रणाली का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर कठोर परीक्षण किया गया। इसमें समुद्र तल से 50,000 फुट की ऊंचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों को पूरा किया गया। ये परीक्षण डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला, डिफेंस बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल लेबोरेटरी ने मंगलवार को किए। ये परीक्षण विमान के ऊंचाई पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और लैंडिंग के दौरान किये गये। सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन से उड़ान की मंजूरी के बाद, सिस्टम ने सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया।



# मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में आएगा बड़ा बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों की सुविधा के अनुकूल एक डैशबोर्ड (गतिमान विस्तृत-सूचना पट्टिका) के साथ एक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधारित एक मजबूत एकीकृत व्यवस्था तैयार करने का निर्णय लिया है।

सम्मेलन में तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में मतदाताओं के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया पर पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। आयोग द्वारा सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) के यहां आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में इस योजना का निर्णय किया गया। दिन की बैठक की समाप्ति पर बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन के निर्णयों और मौजूदा वैधानिक ढांचे और समय-समय पर जारी किए गए चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार (चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में) पहचाने गए 28 हितधारकों में से प्रत्येक के लिए एनिमेटेड वीडियो, ऑडियो बुक, ई-बुक और एक एकीकृत डैशबोर्ड जैसी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। विज्ञप्ति के अनुसार क्षमता निर्माण के लिए एक आधुनिक दृष्टिकोण अपनाते हुए, प्रत्येक हितधारक के लिए एनिमेटेड वीडियो का एक कैप्सूल तैयार किया जाएगा, जो उनसे संबंधित चुनावों के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से कवर करेगा। इस वीडियो के माध्यम से प्रत्येक हितधारक अपने काम के बारे में निरंतर सीख ले सकेगा। बयान में कहा गया है कि चुनावों में प्रणाली को दक्ष बनाने के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के दृष्टिकोण और विश्वास के अनुरूप विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिए एक समुचित डैशबोर्ड के साथ एक एकीकृत आईटी तैयार की जाएगी। सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म भूमिका-आधारित पहुंच के साथ सूचना के इनपुट और आउटपुट प्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा। आयोग ने कहा कि इससे पदाधिकारियों के बीच सुचारू रूप से संवाद-सम्पर्क होगा और मानवीय त्रुटि की संभानाएं कम होंगी।

सूचना के आदान-प्रदान के लिए डैशबोर्ड, एकीकृत सूचना-प्रौद्योगिकी ढांचा तैयार करेगा चुनाव आयोग







## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटो कापी से लगाया करोड़ों का चूना

**नई दिल्ली।** फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी का इस्तेमाल कर डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। धंधे में शामिल लोग डाक राशि का भुगतान किए बिना ही नकली फ्रैंकिंग इंप्रेशन स्लीप लगाकर खेप बुक करते थे। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने अभियोजन शिकायत का संज्ञान लिया है। मूल्य देय डाक (वीपीपी) भारतीय डाक सेवाओं द्वारा दी जाने वाली एक सेवा है। यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सामान प्राप्त करने वाला व्यक्ति सामान प्राप्त करने के बाद ही उसके मूल्य का भुगतान करता है। मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्रा. लिमिटेड और उसके निदेशकों ने डाक विभाग के माध्यम से उनके द्वारा भेजे गए वास्तविक पार्सल को छिपाने के लिए, मूल फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी को फिक्स कर, उस अवधि के दौरान कंपनी की बिक्री/कारोबार को काफी कम बताया। उक्त अपराध को अंजाम देकर मेसर्स प्रिशा पर्ल्स ने डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा दिया। ईडी ने मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए हुमायूं नगर उप-डाकघर के अधिकारियों और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ सीबीआई, एसीबी, हैदराबाद द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

### बारामूला में पुलिस चौकी पर हमला कोई हताहत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में संदिग्ध आतंकवादियों ने मंगलवार रात एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया। हमले में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि चार मार्च को रात करीब 9.20 बजे बारामूला के ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के पीछे से धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस दलों ने सहयोगी एजेंसियों के साथ समन्वय करके इलाके की घेराबंदी कर दी। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस चौकी की पिछली दीवार के बाहर से ग्रेनेड पिन बरामद किया गया, जिससे पुलिस को संदेह हुआ कि यह ग्रेनेड हमले का प्रयास था। ग्रेनेड ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के अंदर गिरा और उसमें जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट में जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### सपा नेता अबू आजमी विस के बजट सत्र के अंत तक निलंबित

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी नेता एवं विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र के अंत तक निलंबित कर दिया गया। महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र 26 मार्च को समाप्त होगा। राज्य के मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को निचले सदन में आजमी के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया था। सदस्यों ने तर्क दिया कि औरंगजेब की प्रशंसा करना मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान है। प्रस्ताव को ध्वनि मत से मंजूरी दी गई। आजमी ने हालांकि टिप्पणी करने के बाद इसके लिए माफी मांगी थी। मुंबई और ठाणे में उनके खिलाफ कई प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं।

# यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीरः परवेश

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली के जल मंत्री परवेश साहिब सिंह ने बुधवार को कहा कि यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर है और तीन साल में यमुना के पानी का रंग बदकर दिखायेंगे।

सिंह ने बुधवार को यमुना की सफाई अभियान का निरीक्षण किया और दावा किया कि जल्द ही यमुना नदी में बदलाव देखने को मिलेगा और तीन साल में इसके पानी के रंग को बदलकर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि यमुना में गिरने वाले सारे नालों के ऊपर लगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता को बढ़ाया जाएगा और नए एसटीपी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार को यमुना सफाई की कभी चिंता नहीं थी। उनका काम केवल अपने काम के लिए दूसरे को जिम्मेदार ठहराने का रहा है। दिल्ली सरकार के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय भी यमुना की सफाई पर चिंता और निगरानी कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद



■ जल मंत्री ने यमुना सफाई अभियान का निरीक्षण किया

केजरीवाल को कभी यमुना की चिंता नहीं थी, केवल राजनीति करते थे। उनका पूरा जोर अब पंजाब में अपनी सरकार बचाने पर है। अब वह राज्यसभा से आते हैं या पंजाब के मुख्यमंत्री बनेंगे यह आने वाले दिनों में पता चलेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने कितने पाप किए वे धीरे धीरे खुलेगें। दिल्ली वालों के टैक्स की चोरी हुई। जिस प्रोजेक्ट को एक साल में पूरा होना था उसे पूरा होने में तीन साल लग गए जिसे पैसे का नुकसान हुआ।

# आईआरएफसी अब बनेगा 'महारत्न': सीएमडी मनोज दुबे

**नई दिल्ली, वार्ता**

केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में नवरत्न का दर्जा प्राप्त भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) ने अब एक साल के भीतर महारत्न की श्रेणी में शामिल होने का संकल्प व्यक्त किया है।

आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज दुबे ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कंपनी को नवरत्न का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कंपनी को काम करने की अधिक स्वायत्तता मिल गई है। अब आईआरएफसी रेलवे के ईकोसिस्टम में योगदान करने वाली किसी भी परियोजना का वित्तपोषण करेगी और ज़ीरो एनपीए की शर्त पर सस्ता ऋण मुहैया कराएगी। इनमें रेलवे को आपूर्ति करने वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं, रेलवे को उपकरण, लॉजिस्टिक सेवा आदि प्रदान करने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। दुबे ने कहा कि नवरत्न बनने के बाद अब हमारा लक्ष्य महारत्न कंपनी बनना है। संभवतः



अगले वर्ष ही हम उन मानकों को पूरा कर लेंगे, जो महारत्न की श्रेणी के लिए जरूरी हैं। एक प्रश्न के उत्तर में दुबे ने कहा कि नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना आईआरएफसी की वित्तीय मजबूती और भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे को समर्थन देने की उसकी प्रतिबद्धता का प्रतिलबब है। यह मान्यता हमें अपनी क्षमताओं का और अधिक विस्तार करने और राष्ट्र के विकास में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। दुबे ने कहा कि हम पूंजी-गहन रेलवे परियोजनाओं के लिए सबसे अधिक लागत प्रभावी वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूरा रेलवे इकोसिस्टम पूंजीगत व्यय (केपेक्स) में वृद्धि के दौर से गुजर रहा है, जो माल बुलाई

■ सीएमडी ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, कहा- अब कंपनी में काम करने की अधिक आजादी मिली

और यात्री आवागमन दोनों के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की मांग को पूरा कर रहा है। जैसे-जैसे भारत अमृत काल में 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, आईआरएफसी बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के लिए संसाधन जुटाने में और भी बड़ी भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2024 तक 26 हजार 600 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व और 6400 करोड़ रुपए से अधिक के कर-पश्चात लाभ के साथ, आईआरएफसी प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां के मामले में भारत में तीसरा सबसे बड़ा सरकारी एनबीएफसी चुका है। आईआरएफसी की स्थापना 12 दिसंबर, 1986 को एक शत-प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के रूप में की गई थी और इसने भारतीय रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले कुछ वर्षों में, यह एक प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में विक. सित हुआ है, जिसे 1993 में कंपनी अधि. नियम के तहत एक सार्वजनिक वित्तीय संस्थान के रूप में, 1998 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तहत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में और बाद में 2010 में एक एनबीएफसी-इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी-आईएफसी) के रूप में पंजीकृत किया गया। मार्च 2018 में, इसे मिनी-रख श्रेणी-1 का दर्जा दिया गया। कंपनी को जनवरी 2021 में 26 रुपए के आईपीओ मूल्य पर स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया गया था, जो अब बढ़कर लगभग 115 रुपए हो गया है। आईआरएफसी ने भारतीय रेलवे के लगभग 80 प्रतिशत रोलिंग स्टॉक के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः योगी

# युवाओं को देंगे रोजगारपरक शिक्षाः सीएम

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि उनकी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विभिन्न योजनाओं और बजट प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। योगी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक माना जाता है और सरकार इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत 580 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है, जबकि प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल से जोड़ने के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।



■ शिक्षा और स्वास्थ्य मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक
■ विद्यालयों में सुविधाओं को दो हजार करोड़ की व्यवस्था

ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स को बढ़ावा देने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। वाराणसी और आगरा में साइंस सिटी और नक्षत्रशाला की स्थापना के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्एक जिले की विशेषताओं और संभावनाओं के अनुरूप रोजगार सृजन की दिशा में कार्य कर रही है।

इसी कड़ी में हर जनपद में 100 एकड़ क्षेत्र में एक विशेष 'आर्थिक ज़ोन' विकसित करने के लिए धनरा. शि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, 10 संत कबीर वस्त्र उद्योग पार्क और दो संत रविदास लेदर पार्क स्थापित किए जाएंगे।

### उप्र विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल को स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। 18 फरवरी से शुरु हुआ विधानसभा का बजट सत्र दस कार्य दिवसों में संपन्न हुआ जिसमें सदन की कार्यवाही 73 घंटा 19 मिनट चली। इस दौरान किन्ही कारणों से तीन घंटा 36 मिनट सभा स्थगित रही जबकि 69 घंटा 43 मिनट सदन की कार्यवाही चली। सत्र के दौरान सरकार ने 20 फरवरी को आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपए का बजट सदन के पटल पर रखा और सत्र के अंतिम दिन बुधवार को बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। सत्र के दौरान 25 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी सदस्यों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया था।

### नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपाः शिवपाल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी महंगाई, बेरा. जगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। विधानभवन में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर उन्होंने कि सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है। इनका काम ही नाम बदलना है। इन्हें महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है। उन्होंने कहा कि अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है। उन्होंने कहा कि संभल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी। श्री यादव ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए शायराना अंदाज में एक्स पर पोस्ट किया- विधानसभा में 'चाचा-चाचा' की गूंज दिन-रात, न नीति की बात, न विकास पर कोई सौगात। जनता देख रही ये खेल निराला, मुद्दों से भागने का अंदाज़ निराला। सत्ता की कुर्सी मिली तो धर्म का सहारा, पर काम के नाम पर बस जुमलों का पसारा। चाचा कहकर सियासत चमकाते रहोगे, या कभी प्रदेश का हाल भी बताओगे।

# इग्नू समारोह में तीन लाख से ज्यादा डिग्री व डिप्लोमा दिए

**नई दिल्ली, वार्ता**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व. विद्यालय (इग्नू) ने बुधवार को 38वां दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को तीन लाख से अधिक डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और इग्नू बिरादरी को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 1985 में स्थापना के बाद से, इग्नू ने शिक्षा को किफायती, लचीला और समावेशी बनाकर इसमें क्रांति ला दी है। 35 लाख से अधिक शिक्षार्थियों और 58 देशों में एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति के साथ, इग्नू दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जो यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा हाशिए के समुदायों सहित सभी तक पहुंचे। इसकी उत्कृष्टता एनआईआरएफ 2024 में ओपन यूनिवर्सिटीज में इसकी शीर्ष रैंकिंग में परिलक्षित होती है।यी प्रधान ने नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में इग्नू की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इन सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसमें कामकाजी पेशेवरों, अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, जेल के कैदियों और रक्षा कर्मियों के लिए अनुकूलित



■ 58 देशों में सबसे बड़ा विवि है इग्नूः प्रधान

विविध कार्यक्रम हैं। भारत के जनसांख्यिकीय पहलू पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दूरस्थ रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल लर्निंग जैसी तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण पहल सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रम सभी स्तरों पर शिक्षा को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू को विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते डिजिटल शिक्षा का विस्तार करना चाहिए, वैश्विक सहयोग को मजबूत करना चाहिए और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# अमेरिकी टैरिफ में राहत के संकेत से बाजार गुलजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी टैरिफ में राहत दिए जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज की घोषणा से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 740.30 अंक अर्थात 1.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,730.23 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.66 प्रतिशत उछलकर



39,751.73 अंक और स्मॉलकैप 2.80 की बढ़ोतरी लेकर 44,538.20 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों मं कारोबार हुआ, जिनमें से 3247 में तेजी जबकि 768 में गिरावट रही वहीं 86 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां हरे जबकि अन्य चार लाल निशान पर बंद रहीं। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया है कि ट्रम्प सरकार कुछ टैरिफ में राहत दे सकती है, खासतौर पर कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैक्स में कटौती संभव है। इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे भारतीय बाजार में भी तेजी आई। ट्रम्प प्रशासन की नीतियों जवाब में चीन द्वारा घोषित राहत पैकेज के कारण चीनी और जापानी बाजारों में मजबूती देखने को मिली। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा, जिससे सकारात्मक सेंटीमेंट बना रहा। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए भारी टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इससे भारतीय कृषि उत्पादों, मशीन टूल्स, टेक्सटाइल्स, केमिकल्स और लेदर प्रोडक्ट्स की अमेरिकी बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत को व्यापारिक लाभ मिल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 15 अंक बढ़कर 73,005.37 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 72,894.05 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### अमृतसर में 23 किलो हेरोइन बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने जंडियाला के देवी दासपुरा गांव से 23 किलो हेरोइन की खेप बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह खेप अमेरिका स्थित तस्कर जसमीत सिंह उर्फ लक्की द्वारा संचालित तस्करी नेटवर्क से जुड़ी है। इस मामले में, खेप को मंगाने वाले देवी दासपुरा गांव के आरोपी साहिलप्रीत सिंह उर्फ करण को नामजद किया गया है। उसे गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। डीजीपी ने बताया कि तस्करी नेटवर्क से जुड़े और लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। डीआईजी बॉर्डर रेंज सतिंदर सिंह ने एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नाकाबंदी में पुलिस टीमों को एक विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि आरोपी साहिलप्रीत ने सीमा पार से हेरोइन की खेप मंगाई है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4635 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की तेजी के साथ 43.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनीः** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले



कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहेः- दाल-दलहनः चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300- 7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8200-8300 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300- 4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केंद्र सरकार...** क्योंकि यह पर्यावरण-अनुकूल, आरामदायक और तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और एक दिशा में यात्रा का समय लगभग आठ से नौ घंटे से घटाकर लगभग 36 मिनट कर देगी। रोप-वे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पूरे वर्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराएगी। रोप-वे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में लास्ट मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या खच्चर, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा तय किया जाता है। प्रस्तावित रोप-वे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग तथा केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। यह मंदिर साल में अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दीपावली (अक्टूबर-नवम्बर) तक लगभग छह से सात महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

# महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का करती है प्रदर्शन

**मुंबई, वार्ता**

महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का प्रदर्शन करती हैं और अधिकांश महिलाएं स्वतंत्र रूप से व्यवसाय का संचालन करती है। आज जारी नियोग्रोथ के नवीनतम नियोइनसाइट्स अध्ययन से पता चला है कि महिला व्यवसाय मालिकों का प्रभाव व्यवसाय की सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है, क्योंकि उनके उद्यमों ने व्यक्तिगत सशक्तिकरण, परिवारों के लिए वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा दिया है और समुदाय में अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम किया है।

3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया। 'भारत में महिला व्यवसाय स्वामियों की उद्यमशीलता की भावना' विषय पर किए गए इस सर्वेक्षण ने इस तरह की उद्यमशीलता की यात्राओं में अंतर्दृष्टि प्रदान की और उनकी प्रेरणाओं, चुनौतियों और

■ 3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया

महत्वाकांक्षाओं की जांच की, जबकि कई स्तरों पर उनके द्वारा छोड़े गए प्रभाव पर जोर दिया गया। लगभग 98 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे अपने व्यवसायों के आधार पर अपने और अपने परिवारों के लिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, 61 प्रतिशत ने बताया कि उनके परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, जबकि 54 प्रतिशत ने आत्मविश्वास और वित्तीय आत्मनिर्भरता में वृद्धि की बात कही। महिला उद्यमियों ने अपने समुदायों को भी प्रभावित किया, 67 प्रतिशत ने अन्य महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में सशक्त बनाया, 50प्रतिशत ने कर्मचारियों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित किया, और 47प्रतिशत युवा लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए रोल मॉडल बनाया। 70 प्रतिशत महिला व्यवसाय मालिक स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के आधार पर व्यवसाय शुरू करती हैं। भारतीय महिला व्यवसाय मालिकों की उद्यमशीलता की यात्रा काफी हद तक स्व-प्रेरित है, जिसमें 70 प्रतिशत ने स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के परिणामस्वरूप अपना व्यवसाय शुरू किया। शेष उत्तरदाताओं को उनके जीवनसाथी और परिवार के सदस्यों द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इसने अवसर-संचालित उद्यमशीलता की ओर एक मजबूत बदलाव को उजागर किया। क्योंकि महिलाएँ अपनी व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित थीं। भारत में महिलाएं उद्यमिता को सशक्तिकरण और वित्तीय स्वतंत्रता के मार्ग के रूप में देख रही हैं। लगभग 66प्रतिशत ने अपने उद्यम को कैरियर के अनुभव और महत्वाकांक्षा, या वित्तीय स्वतंत्रता और उद्देश्य की एक मजबूत भावना के आधार पर शुरू किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप



खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

शाह टाइम्स

माँ गंगा का
शीतकालीन प्रवास
**गंगा मंदिर**
मुखीमठ, मुखवा (उत्तरकाशी)



उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

# देवभूमि उत्तराखण्ड में शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन

माँ यमुना का
शीतकालीन प्रवास
**यमुना मंदिर**
खरसाली (उत्तरकाशी)

श्री केदारनाथ जी का
शीतकालीन प्रवास
**ओंकारेश्वर मन्दिर**
ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)

श्री बदरीनाथ जी का
शीतकालीन प्रवास
**योगध्यान बद्री मन्दिर**
पांडुकेश्वर (चमोली)

मुखीमठ, मुखवा माँ गंगा का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकाल के दौरान गंगोत्री मन्दिर के कपाट बंद होने पर माँ गंगा की मूर्ति को गंगोत्री से मुखवा लाया जाता है और शीतकाल के दौरान इसी मन्दिर में माँ गंगा की पूजा की जाती है।



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

माँ गंगा के शीतकालीन प्रवास

# गंगा मंदिर

मुखवा, हर्षिल, उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड
आगमन पर

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी

का

## हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

बृहस्पतिवार, दिनांक 06 मार्च, 2025 | प्रातः 09.00 बजे

### माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा

माँ गंगा मन्दिर में दर्शन एवं पूजा।
उत्तराखण्ड शीतकालीन पर्यटन प्रदर्शनी का अवलोकन।
रैलियों और पदयात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवानगी।
हर्षिल में सार्वजनिक समारोह।

**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर**

### उत्तराखण्डः एक अद्वितीय, रोमांचक और प्राकृतिक गंतव्य

- उत्तराखण्ड के पर्वत, कलकल बहती नदियां और मन को शान्ति पहुंचाने वाले मंदिरों से तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को मिलता है प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक शान्ति का अहसास।
- सर्दियों के महीने में शांत पहाड़ों के बीच ध्यान, योग और आत्म-चिंतन की अनुभूति से जीवन को मिलता है नया अनुभव।
- औली, नैनीताल और मसूरी जैसे लोकप्रिय डेस्टिनेशन में स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो ट्रैकिंग की सुविधा पर्यटकों के लिए रोमांचकारी।
- राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभ्यारण्य के लिए विश्व प्रसिद्ध है देवभूमि उत्तराखण्ड।




सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

## एक नजर

### स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस मुख्यालय देहरादून द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के तहत काशीपुर पुलिस ने 8.15 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के आदेशों के अनुपालन व पुलिस अधीक्षक काशीपुर निर्देशन में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मौहम्मद फैजान पुत्र शकील निवासी वार्ड नं. 23 मौ. अल्लीखां काशीपुर को 8.15 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरुतार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी अमर चन्द्र शर्मा, उपनिरीक्षक मनोज धौनी व कां. अनिल कुमार तथा जगदीश भट्ट शामिल थे।

### नाराज छात्रों ने कैंपस निदेशक को ज्ञापन सौंपा

**बागेश्वर।** बीडी पांडेय कैंपस में बने छात्रावासों को वर्तमान तक छात्र-छात्राओं के लिए आवंटित नहीं करने पर एनएसयूआई ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज छात्रों ने कैंपस निदेशक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को 15 दिन की मोहलत दी है। यदि उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चिकालीन धरना दिया जाएगा। बुधवार को छात्र कैंपस निदेशक प्रो. जीसी साह से मिले। उन्हें अपनी समस्या का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों का कहना है कि बाबू जगजीवन राम बालिका छात्रावास बने 20 साल हो गए हैं। वर्तमान तक छात्रावास छात्र छात्राओं के आवासीय हेतु आवंटित नहीं किया गया है। छात्रों ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि सामान्य छात्रावास का कार्य दो साल पहले पूर्ण हो चुका है। उसका भी लाभ छात्रों को नहीं मिल रहा है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी छात्र-छात्राएं महंगे किराए पर रहने को मजबूर हैं। उन्होंने इस समस्या को कई बार उठा दिया है, लेकिन प्रशासन के कानों जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने इस बार आर-पार के आंदोलन का मन बना लिया है। जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा। इस मौके पर सागर जोशी समेत कई छात्र मौजूद रहे।

### फसलों में खरपतवार प्रबंधन पर प्रशिक्षण

**पन्तनगर।** विश्वविद्यालय द्वारा हल्दूचौड़ ग्राम-जग्गी बांगर में 'किसानों को खरपतवार प्रबंधन' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर खरपतवार प्रबंधन परियोजना के परियोजनाधिकारी डा. एसपी सिंह और वरिष्ठ प्राध्यापक डा. तेज प्रताप ने विभिन्न फसलों में खरपतवार नियंत्रण के उपायों पर चर्चा की। डा. तेज प्रताप ने किसानों को खरीफ फसलों में खरपतवार नियंत्रण के महत्व को समझाया और सुझाव दिया कि खेतों में लगातार 10 दिनों तक पानी भरने से खरपतवार की समस्या कम हो सकती है। डा. एसपी सिंह ने खरपतवार नाशक के सही प्रयोग और समय पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षण में लगभग 100 किसानों ने भाग लिया, और उन्हें जायद और खरीफ फसलों में इस्तेमाल होने वाले नए खरपतवार नाशकों का वितरण भी किया गया।

### संस्थान समन्वयक पर अभद्रता करने के आरोप

**अल्मोड़ा।** दो सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने से नाराज वीपीकेएएस हवालबाग के दैनिक श्रमिकों ने बुधवार को संस्थान परिसर के बाहर कार्यबहिष्कार कर प्रदर्शन किया। मौके पर श्रमिकों ने कहा कि 20 से 30 सालों से वह संस्थान के लिए कार्य कर रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से दैनिक श्रमिकों को अनावश्यक रूप से कार्य से ब्रेक दे दिया जाता है। कहा कि संस्थान के समन्वयक द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। इससे श्रमिकों में रोष बना हुआ है। दैनिक श्रमिकों ने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है।

### होली पर सुरक्षा व्यवस्था और गश्त बढ़ाने की मांग

**अल्मोड़ा।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा ने होली पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की हैं। मामले को लेकर बुधवार को व्यापारियों ने एसएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में हर वर्ष होली पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। वहीं, जगह-जगह महिलाओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। ऐसे में हुड़दंगियों व शराबियों की आशंका बनी रहती है। कहा कि पर्व को देखते हुए शहर के तमाम इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। जिससे नगर की ऐतिहासिक होली को देखने आने वाले पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और शांतिपूर्ण होली पर्व का आयोजन हो सके। यहां ज्ञापन सौंपने वाले में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, नगर अध्यक्ष संजय साह, महासचिव दीप चंद्र जोशी, सुधीर गुप्ता, हिमांशु साह, हिमांशु बिष्ट, मंगल सिंह, दीक्षित जोशी, दीपक नायक, आनंद भोज, दीपक बिष्ट, हरीकृष्ण, मनीष समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

### करंट से झुलसे बुजुर्ग को मिले उचित मुआवजा

**अल्मोड़ा।** करंट लगने से झुलसे भैंसियाछाना ब्लाक के कटोजिया निवासी हरीश चंद्र भट्ट को उचित मुआवजा देने की मांग की है। बुधवार को जारी एक बयान में क्षेत्र के युवा नेता और अधिवक्ता गोपाल भट्ट ने कहा कि पिछले लंबे समय से क्षेत्र में टूटे बिजली के तारों को ठीक करने की मांग उठा रहे है। लेकिन संबंधित विभाग लापरवाह बना हुआ है। नतीजतन क्षेत्र के एक बुजुर्ग करंट लगने से झुलस गए। बताया कि संबंधित विभाग द्वारा न तो घायल से मुलाकात की गई और न ही मुआवजा दिया गया। कहा कि क्षेत्र में अब भी कई बिजली के तार टूटे हुए हैं, जो भविष्य में फिर दुर्घटना का सबब बन सकते है। उन्होंने करंट से झुलसे बुजुर्ग को उचित मुआवजा देने और क्षेत्र के टूटे तारों को ठीक करने की मांग की है।

# 30 लाख रूपये की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकाला

## विवाहिता ने ससुरालियों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने पति व ससुरालियों पर 30 लाख रुपये दहेज की मांग करने व रुपये न लाने पर उसे घर से निकाल दिये जाने तथा उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह यहां एक निजी कॉलेज में अध्यापन का कार्य कर रही थी, तथा उसका पति भी व्यवसायिक परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसके पति ने उसके सामने प्यार का प्रस्ताव रखा और बहला फुसलाकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये। युवती ने बताया कि उसके पति की 6 सितम्बर 2022 को एम्स, जम्मू में स्टेनो के पद पर नौकरी नियमित हो गई। कुछ समय बाद उसके पति ने उसे अपने पास जम्मू आने के लिये कहा और लगातार अपने कमरे पर बुलाकर शादी का वादा करके यौन सम्बन्ध बनाता रहा। युवती ने बताया कि 08 अक्टूबर 2023 को उसके पति की बहन ने उसे फोन कर बताया कि उसके भाई की सरकारी नौकरी है, उसकी शादी 30 लाख रुपये में कहीं ओर से हो रही है और तुम्हारे पिता इतने पैसे की शादी करने में सक्षम नहीं हैं, इसलिये हम अपने भाई की शादी आपसे नहीं कर सकते। इसके बाद उसके पति ने धमकी दी कि यदि तूने मेरे विरुद्ध कोई शिकायत की तो मैं तुझे मरवा दूंगा। युवती ने बताया कि इसके बाद उसने अक्टूबर 2023 में थाना काशीपुर में प्रार्थना पत्र देकर अपनी आपबीती सुनाई, तब पुलिस ने उसके पति व उसके परिवार को थाने में बुलाकर समझाया जिस पर उसके व उसके पति के परिवार की सहमति से पहले उनका विवाह 26 अक्टूबर 2023 को मां बाल सुन्दरी मन्दिर, काशीपुर में हुआ और फिर 27 अक्टूबर 2023 को रजिस्टर्ड मैरिज काशीपुर तहसील में हुई और उसका पति उसे अपने साथ जम्मू लेकर चला गया। आरोप है कि कुछ समय बाद 30 लाख रूपये की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया गया और उससे तलाक की मांग की जाने लगी। युवती ने बताया कि उसके पति के अत्याचार यहीं नहीं रुके, उसकी बहन, बहनोई, जेठ, सास उसके पति को चढ़ाते थे और फोन पर कहते थे कि इस लड़की से 30 लाख रुपये मंगा वरना पहाड़ी से धक्का दे दे और कह देना कि आतंकवादियों ने मार दिया। युवती ने बताया कि 10 अक्टूबर 2024 को वुमैन सेल के बाहर ही उसके पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवती के पति के खिलाफ दहेज एक्ट की धारा 3,4 तथा आईपीसी की धारा 323, 498ए, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई कंचन कुमार के सुपुर्द की है।

# जाम की समस्या से मिलेगी मुक्ति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर। यातायात** और ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति के लिए गरुड़ टैक्सी स्टैंड में मल्टी लेवल

### विधायक और दर्जामंत्री ने किया मल्टीलेवल पार्किंग का भूमिपूजन

पार्किंग का निर्माण जल्द होगा। इसके लिए विधायक पार्वती दास और दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने भूमि पूजन किया। विधायक दास ने कहा कि गरुड़ में मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण से सभी वाहन चालकों सहित पर्यटकों के लिए लाभकारी साबित होगा। लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। दर्जा मंत्री बिष्ट ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा आज धरातल पर उतर रही है। यह हर्ष का विषय है। गरुड़ की जनता को लंबे समय से इस पार्किंग का इंतजार था। मनजीत देशवाल एई ने बताया कि 22 करोड़, 17 लाख, 90 हज़ार की लागत से पांच मंजिला पार्किंग का निर्माण होगा। इसमें 218 वाहन पार्क हो पाएंगे। गरुड़ विकासखंड की जनता को इसकी सुविधा मिलेगी। साथ ही बैजनाथ आने वाले पर्यटकों को भी राहत मिलेगी। पार्किंग में महिला पुरुष वॉशरूम की सुविधा भी होगी। पूर्व विधायक कपकोट ललित फर्स्वाण ने कहा कि गरुड़ के लिए मल्टी पार्किंग का निर्माण विकास का नया सोपान साबित होगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा, प्रशासक हेमा बिष्ट, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष कुंदन भंडारी, महेश बोरा, दिनेश बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोपाल किरमोलिया, सुनील दोसाद भूमि पूजन में मौजूद रहे।

## कर्मचारियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पदोन्नती की मांग को लेकर स्वास्थ्य विभाग में तैनात मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी आक्रोशित हैं। बुधवार को नाराज कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार पर रहे। जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। सीएमओ परिसर में आयोजित धरने प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से विभिन्न माध्यमों से कर्मचारी पदोन्नती समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर गुहार लगा चुके हैं। कहा कि बीते दिनों स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के प्रागंण में धरना प्रदर्शन प्रस्तावित था। इस दौरान महानिदेश से वार्ता की गई। लेकिन वार्ता कोई सकारात्मक हल नहीं निकल सका। जिस कारण अब कर्मचारियों को मजबूरन हड़ताल की राह पकड़नी पड़ रही है। चेतावनी दी की शीघ्र उनकी समस्याओं पर कार्रवाई नहीं की गई तो मजबूरन उग्र आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा।

## नशामुक्ति के लिए क्रॉसकंट्री दौड़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम के तहत बुधवार को भागीरथी बाईपास से क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम



का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने हरी झंडी दिखाकर किया। क्रॉस कंट्री दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। डीएम ने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जन भागीदारी जरूरी है। प्रतिभागियों द्वारा नशा मुक्ति के संदेश को जोर-शोर से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्रॉस कंट्री दौड़ का मुख्य उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाना और युवाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के तहत इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने और बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होंगे। दौड़ में युवा वर्ग में गणेश सिंह, हरीश बोरा, सुंदर कुमार क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। जबकि बालिका वर्ग में डौली प्रथम, करुणिका द्वितीय, पिंकी तृतीय स्थान पर रही। इस मौके जिला समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर, जिला क्रीड़ा अधिकारी किरन नेगी रहे।

# सिख युवक से अभद्रता की निंदा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** ऋषिकेश में एक सिख युवक के साथ अभद्रता और पगड़ी उतार कर अपमानित किये जाने से

### सिख संगत ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



रोषित सिख संगत ने आज यहां गुरूद्वारा सिंह सभा के बैनर तले महाराणा प्रताप चौक पर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि ऋषिकेश में एक सिख नौजवान रघुवीर सिंह पर कांग्रेसी पार्षद वीरपाल के नेतृत्व में लगभग सौ सवासौ व्यक्तियों द्वारा संगठित होकर हमला किया जाना एवं उसकी पगड़ी उतारकर उसे बुरी तरीके से लात घूसों से पीटना और उसके प्रतिष्ठान में दंगा करते हुये तोड़फोड़ किये जाने से उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के सिखों में रोष व्याप्त है। गुरूद्वारा सिंह सभा ने मांग की कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिये दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलवायी जानी चाहिये। विरोध प्रदर्शन में जगमोहन सिंह बंटी, सतपाल सिंह आनंद, देवेन्द्र सिंह, बलविंदर सिंह, सर्वजीत सिंह रंधावा, संयोग चावला, कुलविंदर सिंह, परमजीत सिंह, वीरेंद्र पाल सिंह, सुखप्रीत चड्ढा, गुलजार सिंह, पृथ्वीपाल सिंह, चरन जीत, जसपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, मुख्त्यार सिंह, गुर. विंदर सिंह चंडोक, दिलप्रीत सिंह सेठी समेत बड़ी संख्या में सिख समुदाय से जुड़े लोग शामिल रहे।

## गांजा तस्करी का इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** भतरौंजखान पुलिस ने गांजा तस्करी के एक ईनामी आरोपी



को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रामनगर से दबोच न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानक. ारी अनुसार बीते एक फरवरी को भतरौंजखान पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेंकिग अभियान चलाया था। इस दौरान एक कार से 42.515 किलो गांजा बरामद किया था। पुलिस ने कार सवार जीवन आर्या और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि तीसरा आरोपी भूपेश सिंह, निवासी लालडांग रामनगर मौका पाकर फरार होने में कामयाब हो गया था। जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। इधर, भतरौंजखान पुलिस ने आरोपी को रामनगर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ सल्ट थाने में एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम समेत अन्य मामलों में भी मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष भतरौंजखान सुशील कुमार, एएसआई मोहन चंद्रा, कांस्टेबल हरेंद्र तोमर शामिल रहे।

# स्वरोजगार समय की जरूरत: बिष्ट

## पीएम विश्वकर्मा योजना प्रशिक्षण केन्द्र का दर्जामंत्री ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जन शिक्षण संस्थान, बागेश्वर द्वारा गंगा शिक्षा सदन गगरीगोल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रशिक्षण केन्द्र शुरू हो गया। जिसका उद्घाटन दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट विधायक पार्वती दास नगर पंचायत अध्यक्ष, भावना वर्मा, ब्लॉक प्रमुख, हेमा बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि स्वरोजगार समय की जरूरत है। इसके लिए हमें अपने हुनर को पहचानना होगा। सरकार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उन्हें मानदेय भी दे रही है। विधायक पार्वती दास ने कहा कि सरकार



महिलाओं को दक्ष बनाकर रोजगार की दिशा में हुनरमंद बना रही है। इसके लिए हमे पूरे मनोयोग से सीखने की जरूरत है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं व युवाओं के लिए कई रोजगारपरक योजनाएं लागू की है। जिसके लिए सभी को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लेकर अपना रोजगार अपनाएं। इस दौरान लीड बैंक अधिकारी शंकर सिह दुग्ताल ने बैंक की योजनाओं विस्तृत जानकारी देते हुए लाभार्थियों को बैंकिंग ऋण के बारे में बताया। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चन्द्र गोस्वामी ने कौशल विकास, टाइम मैनेजमेंट सहित सेवायोजन के तहत चलाये कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान 160 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं हैंडीक्राफ्ट मंत्रालय द्वारा बनाये गए आर्टीजन कार्ड वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन डा. जितेन्द्र तिवारी ने किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट, हेम वर्मा, राजेन्द्र नेगी, दिनेश नेगी, विपिन जोशी, चित्रा वर्मा, नरेन्द्र खेतवाल, चन्दू नेगी, विक्रमजीत सिंह, आनन्द सिंह दीक्षा, श्वेता, खष्टी, रीतू पन्त आदि प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# नदियों को प्रदूषणमुक्त रखें: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में बुधवार को जिला गंगा समिति (नमामि गंगे) की बैठक हुई। डीएम में गंगा की सहायक नदियों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश अधिकारियों को दिए। गंगा की सहायक नदियों और उनमें गिरने वाले नालों को साफ व स्वच्छ रखने के लिए वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। तथा यह सुनिश्चित किया गया कि नदियों में कोई कचरा या गंदगी न जाए। जिला. धिकारी ने ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। समस्त नगर निकायों में डोर टू डोर कूड़े कलेक्शन को नियमित रूप से सुनिश्चित करने को कहा गया। कचरे को सैगरिगेट कर उसका उचित निस्तारण करने और आम जनता को गीले और सूखे कचरे के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। नदी के आसपास के गांवों में प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। प्रत्येक महीने किसानों के साथ गोष्ठी व कार्यशाला आयोजित कर उन्हें प्राकृतिक व जैविक खेती के लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिक. ारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गंगा की सहायक नदियों की स्वच्छता और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए अभियान तेज किए जाएं। निरन्तर नगर निकायों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाए। प्राकृतिक व जैविक खेती के लिए किसानों के साथ बैठक कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया, ईई जल निगम वीके रवि, ईई सिंचाई केके जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी राजेन्द्र सिंह उप्रेती सहित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# रासायनिक रंगों का विकल्प हर्बल अबीर-गुलाल

## स्वयं सहायता समूह की मेहनत को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सराहा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में होली पर्व के अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल अबीर-गुलाल बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सरस मार्केट में महिलाओं की इस अनूठी पहल का जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को निरीक्षण किया और उनके प्रयासों की सराहना की। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने होली के लिए रासायनिक रंगों के विकल्प के तौर पर हर्बल गुलाल तैयार करने का कार्य शुरू किया है। यह गुलाल पर्यावरण के अनुकूल है और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है। जिलाधिकारी ने सरस



मार्केट में जाकर महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हर्बल गुलाल का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं की मेहनत और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की और उनके प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की इस पहल को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देता है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर भी बनाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अनूठी पहल से होली पर्व के दौरान पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश देने का प्रयास महिलाओं द्वारा किया गया है। हर्बल अबीर-गुलाल बनाने का कार्य 6 महिला स्वयं सहायता समूह की 25 महिलाएं कर रही हैं। वर्तमान तक 60 किलो अबीर गुलाल बेचा गया। जिससे 12 हजार की आय प्राप्त हुई। महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 75 किलो अबीर गुलाल की अन्य जगहों से भी मांग आयी है। उसके उपरांत जिलाधिकारी ने सरस बाजार में अन्य महिला समूहों द्वारा बेचे जा रहे स्थानीय उत्पादों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इन उत्पादों की पैकेजिंग को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए पैकेजिंग में सुधार किया जाए। साथ ही पैकेटों के बाहर उत्पाद का मूल्य स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, जिससे ग्राहकों को खरीददारी में सहूलियत हो सके। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी व बीडीओ को इस ओर प्रभावी रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, बीडीओ नरेंद्र भंडारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम तरूण प्रकाश सिंह (पुराना नाम) से बदलकर तरुण प्रकाश सिंह टाकुली (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे तरूण प्रकाश सिंह टाकुली (नया नाम) पुत्र घनश्याम सिंह टाकुली के नाम से जाना पहचाना जाए, वर्तमान पता धूपकोठी वीना लॉज मल्लीताल, नैनीताल, जिला-नैनीताल उत्तराखंड 263002.

### खोया-पाया

सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल अनुक्रमांक 0095090 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**नवीन सिंह कन्याल पुत्र भूपाल सिंह कन्याल**
निवासी-ग्राम-पो. भनड़ा
तहसील- डीडीहाट, जिला पिथौरागढ़

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

कफील अहमद
सह-संयोजक
(सोशल मीडिया)
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
उत्तराखंड
लालकुआं 9997626657

रमज़ान मुबारक

फिरोज़ खान
अध्यक्ष
'नेहा रोटी बैंक'
कार्यालय-नियर रेलवे स्टेशन लालकुआं
(नैनीताल) 7500046555

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

रमज़ान मुबारक


इसरार हुसैन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा,
हल्द्वानी जिला नैनीताल
मो0 8958729786

रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष अलीम खान

उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड,
उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

मून सर्विस प्वाइंट

Zubair Khan Najeeb Khan
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

# नशे के इंजेक्शन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस व एसओजी ने बरामद किए नशे 250 इंजेक्शन




शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी व कोतवाली पुलिस ने 250 नशीले इंजेक्शन के साथ बनभूलपुरा क्षेत्र के दो तस्करों को तीनपानी भट्ट क्रेन सर्विश के पास से गिरफ्तार किया है। इंजेक्शन के पकड़ा गया एक आरोपी मो. अनस पूर्व में अवैध गैस रिफिलिंग मामले में भी जेल की हवा खा चुका है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। गुडवर्क करने वाली टीम को एसएसपी पीएन मीणा ने ढाई हजार रूपये ईनाम की घोषणा की है।

बुधवार को बहुउद्देशीय भवन में नशीले इंजेक्शन तस्करी का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 अभियान के तहत पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ व कोतवाली पुलिस को सटीक मुखबिर की सूचना मिली की दो युवक नशे के इंजेक्शन लेकर आ रहे है। सटीक सूचना पर एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ व एसएसआई रोहताश सिंह सागर के नेतृत्व में टीम ने तीनपानी भट्ट क्रेन सर्विश के पास चैकिंग अभियान शुरू कर दिया तभी पुलिस को दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनो युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 250 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम मो. अनस उर्फ गुल्ला पुत्र अब्दुल गफूर निवासी लाईन नंबर-4 बंजारान मस्जिद के पास थाना बनभूलपुरा, मो. मुशीर पुत्र मो. नईम निवासी लाईन नंबर-16 बनभूलपुरा बताया है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे यह नशीले इंजेक्शन बहेड़ी निवासी दिलशाद नाम के एक व्यक्ति से खरीदकर लाए हैं और उन्हें हल्द्वानी में ऊंचे दामों पर बेचकर अधिक मुनाफा कमाते है। बताया जा रहा कि नशे के इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया आरोपी मो. अनस पहले भी अवैध गैस रिफिलिंग के मामले में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ नशीले इंजेक्शन की खरीद-फरोख्त की कई शिकायतें भी दर्ज है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

गुडवर्क करने वाली टीम को एसएसआई रोहताश सिंह सागर, एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, एएसआई अशोक जोशी, हेड कांस्टेबल ललित श्रीवास्तव, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, चंदन नेगी, अरुण राठौर, प्रकाश कार्की शामिल थे।

### नीता महामंत्री, लीना बनी मीडिया प्रभारी

**हल्द्वानी।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन को और मजबूत करने के एक और नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संगठन की प्रदेश प्रभारी सीमा बत्रा की संस्तुति पर नैनीताल से लीना शर्मा को जिला महिला मीडिया प्रभारी और हल्द्वानी से नीता गुप्ता को शहर महिला मोर्चा महामंत्री व तरनजीत कौर को सचिव नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों ने कहा कि सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें व्यापार के क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष लाखन निगल्टिया ने कहा कि संगठन लगातार उत्तराखंड में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है, और महिलाओं को व्यापार में अग्रसर करने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भुवन भट्ट, डा. अंजना जोशी, दिनेश थुआल, चंदन बिष्ट, नरेश पांडे, संजय त्यागी, अमित चौहान, गंगा साही, ज्योति अवस्थी, प्रगति जैन, मुन्नी बिष्ट, पूनम जोशी, वर्षा आर्या, काजल खत्री, मंजू साह, मंजू भट्ट, संजय बिष्ट, राहुल जोशी, तरुण वानखेड़े, दीपक जोशी ने पदाधिकारियों को बधाई दी।

# प्रवर्तन विभाग की कार्रवाई 42 वाहनों के चालान, 3 सीज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** परिवहन विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए 42 वाहनों के चालान किए गए और 3 वाहनों को सीज किया गया। यह कार्यवाही सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई और आरटीओ डा. गुरदेव सिंह की अगुवाई में की गई। कार्रवाई के दौरान वाहनों के विभिन्न उल्लंघनों जैसे यूनिफार्म न पहनना, वाहनों का सत्यापन न कराना, टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों का उल्लंघन, निर्धारित मार्ग से भिन्न मार्ग पर संचालन, बिना हेलमेट वाहन चलाना, ट्रिपल राइडिंग आदि के मामलों में सख्ती दिखाई गई। साथ ही, अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की आकस्मिक प्रवर्तन कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी ताकि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और सड़क सुरक्षा बढ़ाई जा सके। इस अभियान में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, आरटीओ प्रवर्तन डा.गुरदेव सिंह, सहायक परिवहन अधिकारी जितेंद्र, टीआई गिरीश कांडपाल, रामचंद्र, परिवहन सुपरवाइजर अनिल कार्की, देवेंद्र बिष्ट, अरविंद, दानिश, प्रवर्तन चालक सूर्य प्रकाश और महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# मल्ली बमौरी में पेयजल किल्लत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पिछले 15 दिनों से पेयजल किल्लत से जूझ रहे मल्ली बमौरी के लोगों ने स्थानीय पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में बुधवार को जलसंस्थान कार्यालय आ धमके और पेयजल किल्लत को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने चेताया कि अगर शीघ्र ही पेयजल किल्लत से निजात नहीं दिलाई गई तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। बुधवार को मल्ली बमौरी वार्ड-48 के स्थानीय पार्षद मुकुल बल्यूटिया की अगुवाई में साकेत कालोनी व कौशल कालोनी के दर्जनों लोग एकत्र हुए और जलसंस्थान दफ्तार पहुंचे जहां पर उन्होंने पेयजल किल्लत को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान मुकुल बल्यूटिया ने कहा कि वार्ड-48 मल्ली बमौरी के साकेत कालोनी व कौशल कालोनी सहित कई कालोनियों में पिछले 15 दिनों पानी नहीं आ रहा है जिस कारण से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। बल्यूटिया ने कहा कि कई बार विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराने के बाद भी पेयजल किल्लत का समाधान नही हो पाया। जिससे क्षेत्रवासियों को मजबूरन होकर धरना प्रदर्शन को मजबूर होना पड़ रहा। कहा कि अगर जल्द ही पेयजल व्यवस्था का समाधान नहीं हुआ तो लोग उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में हरीश सांगुड़ी, गौरव सांगुड़ी, पूनम सांगुड़ी, कमला सांगुड़ी, रूपा देवी, ऋषभ साह, भूपेंद्र कांडपाल, बनवारी लाल, धर्मानंद सांगुड़ी आदि मौजूद रहे।

### केमू की बस ने स्कूटर सवार वृद्ध को कुचला, मौत

**हल्द्वानी।** शहर में किसी काम से आए एक स्कूटर सवार वृद्ध की घर वापसी के दौरान हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पनिया मेहता गांव हैड़ाखान निवासी 62 वर्षीय गंगा राम पुत्र प्रताप राम बुधवार को किसी काम से हल्द्वानी आए थे। दोपहर बाद वह रानीबाग होते हुए घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार केमू बस ने उनके स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गंगा राम गंभीर रूप से घायल हो गए और बस का चालक घटनास्थल से फरार हो गया। आनन फानन में वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

# जैविक खेती के लिए किया प्रोत्साहित

### सरस मेले में कृषि विभाग ने लगाई कार्यशाला




शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित दस दिवसीय सरस आजीविका मेले के दौरान पांचवे दिवस बुधवार को कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभाग द्वारा उपस्थित किसानों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के उपयोग एवं भूमि की दूरगामी गुणवत्ता एवं उत्पादन को बढ़ाए जाने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कृषि विशेषग्यों, वैज्ञानिकों सहित जनपद के प्रगतिशील किसानों द्वारा कृषि से सम्बंधित विभिन्न जानकारियां दी गई और इससे होने वाले दीर्घकालिक लाभ के बारे में बताया गया। कार्यशाला में मुख्य कृषि अधिकारी ऋतु कुकरेती ने विभागीय योजनाओं की जानकारी के अतिरिक्त किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही किसान सम्मान निधि के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा जिन किसानों को पीएम सम्मान निधि का लाभ नही मिल रहा है वे अपना नजदीकी डाटा सेंटर में अपडेशन अवश्य करायें। इसके लिए किसानों का आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक होना आवश्यक है। कार्यशाला में आए प्रगतिशील किसान नरेन्द्र सिंह मेहरा ने बताया कि जैविक खेती के उपयोग से किसान उत्पाद से दूरगामी लाभ प्राप्त करता है ही, साथ ही उसकी उत्पादन लागत भी 25 से 30 प्रतिशत तक कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती मिट्टी की उर्वरकता और पर्यावरण स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है और किसानों की आय में वृद्धि भी करती है। उन्होंने बताया कि जैविक खेती से भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि के साथ ही सिंचाई अंतराल में भी वृद्धि होती है, व रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में भी कमी आती है तथा फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है, और बाज़ार में जैविक उत्पादों की मांग बढ़ने से किसानों की आय में भी वृद्धि होती है। उन्होंने जनपद के सभी किसानों से जैविक खेती करने का आहवान किया। इस अवसर पर आंचल कला समिति ने गीतों के माध्यम से कृषकों को जागरूक किया। इस मौंके पर जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, हरीश जोशी, प्रगतिशील किसान माया नेगी, संजय जोशी आदि मौजूद थे।

# अस्पतालों व मेडिकल स्टोर का निरीक्षण

## बिना मानक चल रही एक कैंटीन बंद कराई, मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसी पंत के निर्देश पर जिले में मानकों के विपरीत चल रहे अस्पतालों, क्लीनिको और मेडिकल स्टोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को विवेकानंद हॉस्पिटल, रेडिएंट हॉस्पिटल और नीलकंठ हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। विवेकानंद हॉस्पिटल में एक केंटीन बिना मानकों एवं बिना किसी प्रपत्र के संचालित की जा रही थी, जिसको तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिये गए। जबकि नीलकंठ हॉस्पिटल और रेडियंट हॉस्पिटल में समस्त अभिलेख पूर्ण पाये गए। वरिष्ठ



औषधि निरीक्षक ने उक्त सभी अस्पतालों जहां 24 घंटे फार्मेसी संचालित की जा रही है, उन पर अतिरिक्त फार्मासिस्ट की तैनाती करने के निर्देश दिये। वही वरिष्ठ औषधि निरीक्षक ने ब्रजवासी फार्मा, न्यू लाइफ मेडिकोज प्रतिष्ठानों में अनियमितता मिलने पर उनके लाइसेंस निलंबन करने की संस्तुति करते हुए इनको बंद करने की कार्यवाही की। जबकि राठौर मेडिकल स्टोर, रावत मेडिकल स्टोर को दवाओं की उचित भंडारण की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। साथ ही मौके पर इन प्रतिष्ठानों से एंटीबायोटिक व माउथ गार्गल श्रेणी के तीन औषधि नमूने भी लिए गए। टीम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रजत भट्ट, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. राहुल लसपाल, वरिष्ठ ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक उधमसिंह नगर नीरज कुमार, आयुर्वेदिक विभाग से डा. योगेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

### अज्ञात चालक पर केस

**हल्द्वानी।** एक महीने पहले छड़ायल चौराहे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर जान गंवाने वाले ठेला कर्मी के मामले में पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पूर्णागिरि कॉलोनी डहरिया निवासी महेश सिंह ने बताया कि उनके ताऊ साधू सिंह को 2 फरवरी की रात गैस गोदाम रोड, छड़ायल चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल उनके ताऊ को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महेश सिंह ने तहरीर देकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कोतवाली में एसएसपी ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना और रक्तदान के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से बुधवार को कोतवाली परिसर में




एसएसपी के नेतृत्व में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के डाक्टरों की टीम मौजूद रही। शिविर का शुभारंभ एसएसपी पीएन मीणा ने रक्तदान करके किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के दौरान एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि नशे के खिलाफ संघर्ष की शुरुआत की, साथ ही एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा रक्तदान से जीवन बचता है और नशे से दूर रहकर हम अपने जीवन और समाज को बेहतर बना सकते हैं। रक्तदान करें, नशे से बचें और दूसरों के जीवन को संजीवनी दें। उन्होंने कहा इस प्रयास से हम न केवल अपने जीवन को बचाते हैं, बल्कि एक स्वस्थ और खुशहाल समाज की ओर कदम बढ़ाते हैं। शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के समापन पर डा. स्मिता धर्मसक्तू ने एसएसपी पीएन मीणा को सम्मान चिन्ह भेंट किया। रक्तदान शिविर में शिविर में डा. स्मिता धर्मसक्तू, काउंसलर सरिता रावत, नर्सिंग ऑफिसर पुष्कर जीना, प्रयोगशाला प्रति. दीपक पाण्डे, सुरेश पाठक, वेद प्रकाश सहित एसपी क्राइम डा. जगदीश चन्द्र, सीओ नितिन लोहनी, एनआईयू निरीक्षक जीतेन्द्र उप्रेती, निरीक्षक विजय प्रसाद, थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश बोहरा, मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, चौकी प्रभारी राजपुरा नरेंद्र कुमार, एसआई मनोज कुमार सहित 36 अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। साथ ही 14 समाजसेवियों, पूर्व सैनिकों, स्थानीय नागरिकों और पत्रकारों ने भी इस अभियान का समर्थन किया।

### योजना का शिलान्यास

**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने कुसुमखेड़ा पेयजल योजना में नलकूप निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के कार्य का बुधवार को शिलान्यास किया। राज्य योजना मद के अंतर्गत 262.53 लाख की लागत से कुसुमखेड़ा पेयजल योजना के तहत नलकूप निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाना है। शिलान्यास के दौरान विधायक भगत ने कहा कि योजना के पूर्ण होने से कुसुमखेड़ा क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा। नलकूप निर्माण के अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत क्षेत्र में लगभग 3000 मीटर पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि लगभग 8000 आबादी क्षेत्र को लाभांवित करने वाली इस पेयजल योजना से आगामी कई वर्षों तक पीने के पानी की समस्या से स्थानीयों को निजात मिलेगी।

# महिलाओं की करियर काउंसिलिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राजकीय महाविद्यालय किशनपुर गौलापार में कैरियर काउंसलिंग सेल और उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत महिला सशक्तिकरण और बैंकिंग में करियर के अवसर विषय पर सेमिनार का



आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनरल मैनेजर डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्रियल सेंटर नैनीताल पल्लवी गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण और बैंकिंग में करियर के अवसर पर विस्तार से अपनी बात रखी और विद्यार्थियों को अनुशासित जीवनशैली जीने और करियर में अनुशासित रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अतिथि वक्ता रीजनल मैनेजर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक हल्द्वानी केएम शर्मा ने छात्र-छात्राओं को परिवार व देश का सम्मान करने के साथ ही अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया और बैंक की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शाखा प्रबंधक उत्तराखंड ग्रामीण बैंक दौलतपुर गौलापार शालिनी सिंह ने छात्र-छात्राओं को जीवन के संघर्ष में मेहनत व लगन से विजय पाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. दीप चंद्र पांडे ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रो. कैलाश चंद्र, सहायक प्राध्यापिका वाणिज्य डा. बुशरा मतीन, दीपक पांडे, अंशुनाथ, डा. भारती मौजूद रहे।

# 9 महिलाओं को सम्मानित किया



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पंखुड़ियाँ सांस्कृतिक, पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति ने एक निजी रेस्टोरेंट में नव ज्योति नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित कर समाज मे उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य कर रही 9 महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेव कर्नल (रि.) बीएस रौतेला, विशिष्ट अतिथि-पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया, पार्षद शैलेन्द्र दानू, एडवोकेट भूपेश दुम्का, विक्की योगी, श्रवण कुमार चौहान, दीपक कुमार ने सभी महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज मे महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आगे बढ़ाना होगा तभी वह आत्मविश्वास के साथ आत्म निर्भर हो सकती है। उन्होंने कहा कि समाज का स्तर तभी बढ़ सकता हूं, महिलाओं की स्तिथि में निरंतर विकास होगा। इस दौरान डा. अंकिता चांदना, पूनम गुप्ता, आशा दरमवाल, डा. रेनू शरण, सुमन वार्ष्णेय, योगिता बनोला, निकिता सुरकाली, रेनू मौर्या, हिमांशी पलाड़िया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्मल जोशी, कपिल किशोर व गिरीश सिंह खाती ने अपनी मनमोहक गायकी से कार्यक्रम में शमां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन रिम्पी बिष्ट, मेघा त्रिपाठी व नेहा बिष्ट ने किया। इस दौरान कौस्तुभ चंदोला, पंकज गोस्वामी, प्रकाश साही, मोहन दरमवाल, आशा साही सहित तमाम लोग उपस्तिथ थे।

### नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष नीरज का स्वागत




शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** काठगोदाम में बुधवार को गोल्ज्यू बैंक्वेट में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नीरज बिष्ट ने प्रदेश और जिला नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पिछले 17 वर्षों से वह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रहे हैं और हमेशा निष्ठा के साथ पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करते रहे हैं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि वह काठगोदाम मंडल को उत्तराखंड का सर्वश्रेष्ठ मंडल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। समारोह में प्रदेश महामंत्री भाजपा राजेंद्र बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पूर्व मेयर जोगेंद्र रौतेला, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, हरीश पांडे, भुवन जोशी, किशोर जोशी, मुन्नी बिष्ट, विक्रम अधिकारी, अंशुल पांडे और अंजू जोशी सहित कई अन्य प्रमुख भाजपा नेता मौजूद रहे।

# ऑनलाइन दस्तावेज पंजीकरण नियमावली में विसंगतियां

### तहसील परिसर में महासभा का आयोजन




शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू की गई ऑनलाइन दस्तावेज पंजीकरण नियमावली, 2025 के विरोध में बुधवार को उत्तराखंड बार काउंसिल के अध्यक्ष डा. महेन्द्र सिंह पाल और सचिव मेहरबान सिंह कोरंगा की उपस्थिति में तहसील परिसर में एक महासभा का आयोजन किया गया। इस महासभा में बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक संघ, स्टाम्प विक्रेता संघ और अराइज नवीस संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महासभा में तय किया गया कि 10 मार्च सोमवार को कुमाऊं कमिश्नरी कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में कुमाऊं कमिश्नर के माध्यम से राज्य सरकार को उत्तराखंड ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2025 की विसंगतियों को दूर करने की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि सरकार ने मांगों को नहीं माना, तो उत्तराखंड बार काउंसिल की बैठक आयोजित कर सचिवालय का घेराव करेगा। संचालन हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने वर्चुअल और पेपरलेस रजिस्ट्री के आम जनता पर होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की और इसके लागू होने से अधिवक्ताओं, स्टाम्प विक्रेताओं, दस्तावेज लेखकों और अरायज नवीसों के बेरोजगार होने पर चिंता व्यक्त की। जिला बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर के अध्यक्ष दिवाकर पांडे ने कहा कि एआई/डीप फेक तकनीक से अगर किसी व्यक्ति के फर्जी बैनामे या वसीयत तैयार किए जाते हैं, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? जिला बार एसोसिएशन अल्मोड़ा के अध्यक्ष महेश सिंह परिहार ने कहा कि वर्चुअल रजिस्ट्री से भारी संख्या में अधिवक्ता, स्टाम्प विक्रेता, दस्तावेज लेखक और अरायज नवीस बेरोजगार हो जाएंगे। हल्द्वानी बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील पुण्डीर ने कहा कि नियमावली में कई खामियां हैं। महासभा में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डीसीएस रावत, रामनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी, काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, सचिव नृपेन्द्र चौधरी और योगेश पाठक, खटीमा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज सिंह राणा, सचिव हरजीत सिंह, बाजपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश पांडे, नैनीताल बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव दीपक रूवाली, उधम सिंह नगर के जिला बार एसोसिएशन के सचिव सर्वेश कुमार सिंह, सितारगंज बार एसोसिएशन के सचिव महेंद्र चौधरी, हल्द्वानी बार एसोसिएशन के सचिव मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष भुवन चंद्र पनेरू, जगत सिंह घुड़दौड़ा, बसंत जोशी, पूर्व सचिव राजन मेहरा, विनित परिहार, स्टाम्प विक्रेता/अरायज नवीस संघ के संरक्षक बलवंत सिंह नेगी, अध्यक्ष योगेश पांडे, सचिव दिनेश बेलवाल, उपाध्यक्ष बालम सिंह बसेड़ा और सुनील पंत थे।

# 50 लोगों ने कराई आंखों की जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मानव उत्थान सेवा समिति के सौजन्य से श्री हंस प्रेम योग आश्रम, संजय नगर बिंदुखत्ता में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



महात्मा आलोकानंद, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता बीना जोशी, कुंदन सिंह मेहता, हेमवती नंदन दुर्गापाल, पुष्कर सिंह दानू ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर 50 लोगों ने आंखों का परीक्षण कराया, जिसमें से 6 लोगों को ऑपरेशन की सलाह दी गई। प्रभु नेत्रालय की टीम ने बताया कि इन 6 लोगों को कल 6 मार्च प्रात: 8:30 बजे अस्पताल के वाहन से आश्रम से लेकर अस्पताल भेजा जाएगा, और ऑपरेशन के बाद शाम को उन्हें फिर से आश्रम में वापस छोड़ दिया जाएगा। इस निशुल्क शिविर में वरिष्ठ सर्जन अंकित गुप्ता की टीम के मुजीब अहमद, हेमा भारद्वाज, और गौरव दत्त ने आंखों का परीक्षण किया, साथ ही शुगर परीक्षण और अन्य स्वास्थ्य जांचें भी की गईं। इस अवसर पर शिविर में चंद्रशेखर भट्ट, आनंद मौर्य, बंशीधर भट्ट, गंगा सिंह चुफाल, ध्यान सिंह रावत, विंध्यवासिनी, शांति देवी, टीकाराम मूलचंद, संतराम समेत कई लोग उपस्थित थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ग्रामीणों ने किया कॉर्बेट कार्यालय और कोतवाली का घेराव

**■ ग्रामीणों ने की सुरक्षा में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई की मांग**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों ग्रामीणों ने कॉर्बेट कार्यालय और कोतवाली का घेराव किया।उन्होंने टाइगर से ग्रामीणों को सुरक्षा प्रदान करने में लापरवाही बरतने के लिए जिम्मेदार निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व साकेत बडौला, उपनिदेशक राहुल मिश्रा व रेंज अधिकारी भानुप्रकाश हर्बोला आदि के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

उन्होंने प्रेम वल्लभ जोशी की तहरीर दर्ज करने व रेंज अधिकारी भानु प्रकाश हर्बाला द्वारा पांच नामजद व 50 अन्य के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमें को तत्काल रद्द करने की मांग को लेकर रामनगर कोतवाल को ज्ञापन भी सौंपा। रामनगर कोतवाल ने ग्रामीणों को मामले की जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। कोतवाली घेराव से पहले इससे पहले ग्रामीणों ने जंगली जानवरों व बंदरों से सुरक्षा की मांग को लेकर कार्बेट टाइगर रिजर्व कार्यालय पर धरना दिया। निदेशक साकेत बडोला एक बार पुन: अपने कार्यालय पर मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से उनका एक दिन का वेतन काटने की मांग की। महेश जोशी के संचालन में हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पार्क प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लिखित, मौखिक व फोन द्वारा सूचना देने के बावजूद भी हमें सुरक्षा नहीं दी जा रही है। टाइगर, लेपर्ड व अन्य हिंसक जानवर हमारे घरों में आ रहे हैं। कार्यालय में समस्या लेकर आने पर आला अधिकारी मौके से नदारद हो जाते हैं और धरना देने पर फर्जी मुकदमे दर्ज करा दिए जाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि टाइगर व लेपर्ड आदि हिंसक जानवरों की संख्या उत्तराखंड में बहुत अधिक हो गई है। इसलिए इनकी संख्या को सीमित करने के लिए इनकी बैलेंस हंटिंग करवाई जाए और इन्हें यहां से हटाकर दूसरे देशों को भेजा जाए। धरने पर ज्ञापन लेने आए पार्क वार्डन द्वारा टाइगर को उसकी मां ने शिकार करना सिखाया है, कहने पर ग्रामीणों ने इसे उकसावे पूर्ण बताते हुए कहा कि हमलों में मरने वाले गरीब ग्रामीण हैं। यदि ये हमला किसी अधिकारी या उसके परिजनों के ऊपर होता तब भी क्या वे इसी तरह का असंवेदनशील बयान देते। आंदोलन की आगामी रणनीति के लिए 17 मार्च को ग्राम सांवल्दे पूर्वी में बैठक होगी। इस दौरान तारा बेलबाल, भूवन आर्य, बालम थापा, ललित उप्रेती, प्रभात ध्यानी, नवीन अधिकारी, पीसी जोशी, कैसर राना, ललिता रावत, मुनीष कुमार, पूरन पांडे, सुमित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/गदरपुर।** अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दौलतगंज निवासी 23 वर्षीय हर्षित कालड़ा पुत्र चन्द्र शेखर कालड़ा रोजाना की तरह सुबह बाइक संख्या यूके 06यू 1826 से सिडकुल स्थित एक कम्पनी में ड्यूटी के लिए जा रहा था।सुबह लगभग 5:30 बजे हाइवे पर एक डंपर से बाइक टकरा गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों द्वारा घटना की जानकारी महतोष चौकी को दी गई जिस पर चौकी इंचार्ज ने 108 की मदद से युवक को गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। हर्षित अपने पीछे माता पिता व भाई और बहन को रोता बिलखता छोड़ गया है।

वहीं दूसरी घटना गोपाल नगर के पास हुई। तिलपुरी नंबर एक निवासी 36 वर्षीय बचन सिंह पुत्र किशन सिंह एक राइस मिल में पल्लेदारी का काम करता था। मंगलवार शाम वह राइस मिल से अपनी बाइक पर वापस घर लौट रहा था तभी गोपाल नगर के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बचन सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बाइक सवारों ने युवक को मारी गोली

**■ आरोपी मौके से हो गए फरार, पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बाईक सवार युवकों ने एक युवक पर तमंचे से फायर कर दिया। तमंचे से निकली गोली युवक के जांघ में लगी। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित से जानकारी ली।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिवनगर निवासी 20 वर्षीय अंकित सागर मंगलवार की रात घर से 100 मीटर दूर चावल लेने जा रहा था। इसी बीच बाईक पर सवार तीन युवक उसके पास पहुंचे। पहले एक युवक ने अंकित से हाथ मिलाया। इसके बाद फायर कर दिया। पीड़ित के मुताबिक एक फायर सीधे किया तो वह बच गया। इसके बाद दूसरा फायर किया और गोली बाईं जांघ पर लगी। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। परिवार के लोग पहुंचे। युवक को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने पीड़ित से भी बातचीत की। इंस्पेक्टर मोहन चंद पांडे ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। पीड़ित भी कुछ बताने को कुछ तैयार नहीं है। गोली किस हथियार से चलाई गई है। उसकी भी जांच की जा रही।सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। तहरीर मिलने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। इधर पीड़ित के पिता ने पुलिस को बताया कि पहले भी तलवार से हमला किया गया है।

# गोमाता का सनातन धर्म में विशेष महत्व: बहुगुणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** श्रीकृष्ण प्रणामी महाराजा अग्रसेन गौशाला ट्रस्ट में तीन दिवसीय धेनु मानस गौ कथा के अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कामधेनु गौमाता के बाड़े एवं परिक्रमा क्षेत्र का उद्घाटन किया। गौशाला परिवार द्वारा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल एवं पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने गौशाला की साफ सफाई और गौमाता की सेवा से प्रभावित प्रभावित हुए। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड सरकार की योजनाओं एवं गौ वंश को मिलने वाले लाभों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सितारगंज गौशाला परिवार जिस लगनशील और परिश्रम के साथ, गौमाता की सेवा कर रहा है, इसके लिए समस्त ट्रस्टी बधाई के पात्र हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने गौशाला को दिए गए योगदान में दान दाताओं व गौशाला के कर्मचारियों को स्मृतचिन्ह देकर सम्मानित किया।



गौशाला कमेटी ने गोलोकधाम गेट, लिंक रोड की सड़क को दुरुस्त करने, सड़क में स्ट्रीट लाइट एवं ट्रांसफार्मर लगवाने हेतु ज्ञापन दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील गर्ग, महामंत्री राजेश जिंदल, कोषाध्यक्ष संदीप बंसल, शीतल सिंघल, महेश मित्तल, अनिल गर्ग, शिवकुमार मित्तल, कृष्ण गर्ग, सतपाल बंसल, राकेश गुप्ता, नरेश कंसल, दीपक गोल्डी, सौरभ सिंघल, गौरव गोयल, विकास मित्तल, केबी अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, उमेश गर्ग, शिवचरण जिंदल, मनोज गर्ग, नरेश ठाकुर, आदेश ठाकुर, दीपक गुप्ता, शिवपाल चौहान, गोपाल सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

# चाकू से युवक पर हमला करने का आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में चाकू से जानलेवा हमला कर युवक को घायल करने के आरोपी को पुलिस ने चाकू सहित रिफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार सोनाली पत्नी नन्हे लाल निवासी पोस्ट ऑफिस वाली गली ट्रांजिट कैंप के पुत्र राजू को संजय सागर उर्फ बौबी पुत्र भगवानदास निवासी शमसान रोड चामुंडा मंदिर के पास ट्रांजिट कैंप ने बीते सोमवार को जान से मारने की नियत से चाकू से पेट में वार कर घायल कर दिया था । मामले में सोनाली की तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमला करने वाले संजय सागर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये। प्रभारी निरीक्षक ट्रांजिट कैंप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लेक पैराड़ाइज किच्छा बाई पास रोड से आरोपी संजय सागर उर्फ बौबी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डेय के अलावा उपनिरीक्षक महेश कांडपाल, कांस्टेबल जगमोहन गौड़ भी शामिल थे।

# कृषक सम्मान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** चीनी मिल नादेही व गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम जगतपुर पट्टी में एक दिवसीय कृषक सम्मान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

कृषि वैज्ञानिक व (प्रभारी अधिकारी)गन्ना अनुसंधान केन्द्र काशीपुर डॉक्टर संजय कुमार ने गन्ने की बुवाई, विधि, गन्ने की वैराइटीज, गुणवत्ता की जानकारी दी। वहीं सीओ. 238 को बोने से बचने की सलाह दी। सामान्य वैराइटी में 118, 5011, OPANT-12236 व 13224 तथा EARLY VARIETY में शाहजहांपुर की 17231, 18231, 13235 लखनऊ की 16202 व करनाल की5009 को बेहतर बताया। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सिद्धांत कश्यप ने बीमारी, कीटाणु, कीटनाशक, दवा



व कीट रोग के बचाव की जानकारी दी। गोष्ठी में नादेही प्रधान प्रबंधक सीएस इमलाल, डीसीओ कुलश्रेष्ठ फुलैरिया, सीईओ डॉक्टर राजीव कुमार, एससीडीआई दीपिका सेनवाल, प्रमोद दुबे, परविंदर ठाकुर, तेजपाल सिंह, नरेंद्र पाल, राहुल विपुल कुमार, योगेंद्र पाल, पवन कुमार, राजीव यादव, जगवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, कृषक नेता प्रेम सिंह सहोता, अमनप्रीत सिंह, जगवीर सिंह, विमल कुमार, मनोज त्यागी, दीदार सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## घर से निकली नाबालिग गायब, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** घर से निकली नाबालिग लापता हो गयी। युवती ने भाई ने एक युवक पर उसकी बहन को बहलाने फुसलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक पर केस दर्ज किया है।

सुनील कश्यप पुत्र राम दयाल निवासी लालपुर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीती 21फरवरी शाम की 15 वर्षीय बहन किसी कार्य वश घर से बाहर निकली थी। उसके बाद वह वापस नही आयी। उसने अपनी बहन को रिश्तेदार व अन्य जगहो पर काफी तलाश किया। लेकिन बहन का कही पता नही चला है। उसका मोबाइल भी बन्द आ रहा है। उसकी बहन अमन रस्तोगी निवासी लालपुर से अक्सर मोबाईल पर बात करती थी। उसे शक है कि अमन उसकी बहन को बहला फुसला कर ले गया है। सुनील की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पालिकाध्यक्ष जोशी ने किया निर्माणाधीन नहर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बुधवार को नगर पालिका क्षेत्र में लगभग 4.15 करोड रुपये की लागत से निर्माणाधीन 1300 मी. लंबी नहर का निरीक्षण किया।

लोहिया हेड रोड से पॉलिप्लेक्स फैक्ट्री के पीछे मयूर विहार घोसी कुंआ जाने वाले रास्ते में लगभग 1300 मीटर की नहर सिंचाई विभाग द्वारा 4.15 करोड रुपये की लागत से बनाई जा रही है। जिसके ऊपर स्लैप डालकर आने जाने वाले यात्रियों के लिए रास्ते को सुगम बनाने की योजना है। सिंचाई विभाग द्वारा बनाई जा रही इस नहर का काम प्रगति पर है। इस दौरान पालिका अध्यक्ष जोशी ने अधिशाषी अधिकारी आनंद सिंह नेगी से उक्त कार्य के प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। वहीं आनंद सिंह नेगी ने बताया कि लगभग दो माह के भीतर नहर की कवरिंग का कार्य पूरा कर दिया जाएगा। संबंधित विभाग द्वारा कार्य की गुणवत्ता



के साथ-साथ स्थानीय निवासियों की समस्याओं का भी निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा के नगर महामंत्री मनोज बाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता वरुण अग्रवाल, हरेंद्र ठाकुर, सिंचाई विभाग के जेई प्रेम प्रकाश गिरी, यशपाल सिंह, लीला बोरा, प्रेमा देवी, सिद्ध गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, रवि सक्सेना, संदीप वाल्मीकि, राहुल सक्सेना, करण यादव आदि मौजूद रहे।

# पशुपालन विभाग की गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** इंडो नेपाल सीमा स्थित मेलाघाट शिव मंदिर के परिसर में बुधवार को राजकीय पशु चिकित्सालय खटीमा द्वारा आत्मा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विक्रम सिंह द्वारा किया गया। जहां पूर्व ग्राम प्रधान संतलाल बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

गोष्ठी में सीमावर्ती क्षेत्र के 70 पशुपालकों को अल्वेट फार्मा के देवेंद्र सिंह राठौर द्वारा नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरआर चंतोला ने पशुपालन विभाग से संबंधित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में




जानकारी दिया। वहीं क्षेत्र प्रसार अधिकारी खड़क सिंह बोहरा द्वारा कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुधन बीमा योजना के बारे में जानकारी देकर सीमावर्ती क्षेत्र के पशुपालकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर पशुधन प्रसार अधिकारी रमेश खर्कवाल, फैयाज अली अंसारी, चनुपाल वर्मा, वैक्सीनेटर कृष्ण कुमार ओझा, डाटा एंट्री ऑपरेटर मोनिका गहतोड़ी, पैरावेट अमरजीत एवं रवि गौतम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हालत बिगड़ने के बाद महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** स्वास्थ्य बिगड़ने पर वार्ड नंबर तीन निवासी महिला को उसके परिजन स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड नंबर तीन निवासी 32 वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई। तत्काल पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर महिला के पति इलियास, इसाक अहमद एवं मृतका के पिता इलबाल अहमद तथा मृतका के भाई हारून अहमद एवं अन्य परिजन मौजूद थे। जिनसे पूछताछ में पता चला कि वर्ष 2012 में महिला की शादी इलियास के साथ हुई थी, जिससे महिला को चार बच्चे हैं तथा मृतका का दो माह पूर्व भी ऑपरेशन से बच्चा हुआ है, तभी से मृतका का उपचार चल रहा था। स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने के कारण मृतका के परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### किच्छा व्यापार मंडल अध्यक्ष के बेटे के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/किच्छा।** बीते दिनों काशीपुर हाईवे पर बाइक सवार से मारपीट मामले के मुख्य आरोपी किच्छा व्यापार मंडल अध्यक्ष के बेटे के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट से गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) लिया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है।

पुलिस के मुताबिक न्यू जैन कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर दी थी कि 25 फरवरी की सुबह उनका बेटा हर्षतलोक सिंह दूध लेने कीरतपुर गया था। काशीपुर रोड के पास कुछ कांवड़ियों को देख वह अपनी बाइक को सड़क किनारे कर खड़ा हो गया था। आरोप है कि इसी बीच कांवड़ियों के साथ किच्छा व्यापार मंडल अध्यक्ष का बेटा ऋषि बजाज उनके बेटे से अभद्रता करने लगा। इसका विरोध करने पर ऋषि ने अपने साथी विनोद, अर्पित, अंशुल और चंदन ने भीड़ को उकसाकर उनके बेटे से मारपीट शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने पांच नामजद और 15 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि वारदात के मुख्य आरोपी ऋषि के खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू का लिए गया है। जल्द मुख्य आरोपी समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### घर से निकला हुआ युवक लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** घर से काम पर जाने को कहकर निकला युवक घर वापस घर से नहीं पहुंचा। मामले में पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी गई है। दिनेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंडीपुर गांव निवासी जमुना साना पत्नी गोपाल साना ने बताया उनके पति 29 वर्षीय गोपालसाना 4 मार्च दिन मंगलवार को सुबह काम पर जाने को कहकर घर से निकले थे। शाम को वापस घर नहीं पहुंचे। काफी खोजबीन करने पर भी उनका कोई पता नहीं चला। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। अनहोनी की आशंका से परिजन परेशान हैं।

### पालिका ने शहर में की आरआरआर सेंटर की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**जसपुर** नगर पालिका ने शहर के एक स्थान पर रिड्यूस,रिफ्यूज, रिसायकल सेन्टर की स्थापना की। इसके माध्यम से यदि किसी के व्यक्ति के पास जरूर से अधिक सामान है तो वह इसमें रखकर जा सकता है। जरूरतमंद यहां से सामान ले जा सकता है।

पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद नौशाद ने बताया कि पालिका की ओर से नगर के सब्जी मंडी में लोहे का बना हुआ एक स्टैंड स्थापित किया गया है, इसमें छह खाने बनाए गए हैं। इसका मकसद संपन्न लोगों के पास उपलब्ध आवश्यकता से अधिक सामान को जमा कर जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचना है। स्टैंड को RRR सेंटर का नाम दिया गया है। इसमें किताबें, कपड़ा, जूते आदि सामान जमा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि हमारा यह प्रयास सफल हुआ तो शहर के अन्य जगहों को भी चिन्हित कर वहां भी इस तरह के स्टैंड स्थापित किए जाएंगे।

### बैसाखी पर्व पर होगा भव्य मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा इस बार बैसाखी पर्व पर भव्य मेले का आयोजन करेगा। यह निर्णय कृष्णा राइस मिल परिसर में हुई आम बैठक में लिया गया। मेला 12 अप्रैल को राजकीय इंटर कॉलेज के ग्राउंड में होगा।

उत्तरांचल पंजाबी महासभा अध्यक्ष विजय अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मेले की तैयारियों को लेकर मंथन हुआ। बैठक में बनी सहमति से मेले की सफलता के लिए प्रचार- प्रसार, मेला परिसर में विभिन्न स्टॉल, बच्चों व मेलार्थियों के मनोरंजन के पर्याप्त संसाधन झूले आदि की व्यवस्था की जाएगी। मेले में पंजाब से गायक, कलाकार आमंत्रित किए जाएंगे। गेहूं की फसल काटने पर होने वाली खुशी का पंजाबी समाज मेले में इजहार करेगा। मेले में क्षेत्र के विद्यालयों के बच्चे द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक का संचालन राजकुमार अरोड़ा, जतिन ग्रोवर ने किया। बैठक में किसान आयोग उपाध्यक्ष अध्यक्ष राजपाल सिंह, अनिल बत्रा, हरभजन सिंह खिंडा, बलदेव सिंह, जितेन्द्र बत्रा, जगविंदर सिंह पप्पू, हरीश बत्रा, जसविंदर सिंह जस्सी, गुरप्रीत सिंह खिंडा, हनी गुंबर, मनोज छाबड़ा, प्रेम सिंह टूरना, गुरु शरण सिंह टूरना, हरभजन सिंह टूरना, अमरेन्द्र सिंह मल्ली आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार सैनी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अध्यक्ष ने ओपीडी, महिला वार्ड, बाल शिशु टीका केंद्र, दवाई केंद्र और सरकार द्वारा चलाई जा रही निशुल्क जांच केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में सफाई व्यवस्था,पीने के पानी को दुरुस्त रखने को कहा। नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव कुमार सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में सफाई व्यवस्था व पीने के पानी को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डा. खालिद, डा. सत्यपाल सिंह, डा. राधे श्याम प्रजापति, इमरान आदि मौजूद थे।

# डीएम ने किया लेवडा नदी में मिलने वाले नालों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को बाजपुर में वर्षाकाल में लेवड़ा नदी से जल भराव क्षेत्रों के साथ ही लेवडा नदी व लेवडा में मिलने वाले नालों का अधिकारियों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने बाजपुर चीनी मिल गेस्ट हाउस में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय जनता व जनप्रतिनिधियों से वर्षाकाल में लेवड़ा नदी से बाढ़, जलभराव से निजात हेतु सुझाव लिए। इसके उपरान्त उन्होंने लेवड़ा नदी कैचमेंट क्षेत्र नदी नालों अवरोधों का ड्रोन सर्वे कराने के साथ ही कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश उपजिलाधिकारी व अधिशाषी अभियंता सिंचाई को दिए। उन्होने उप जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को जनप्रतिनिधियों व स्थानीय जनता के साथ शहर व ग्रामीण क्षेत्र के नदी, नालों पर अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए प्लान बनाकर



प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा बाजपुर शहर के डाउन स्ट्रीम के सभी नालों के विरुद्ध स्थानों को चिन्हित करते हुए सफाई कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व पालिका क्षेत्र के बाहर के गंदा नाले की सफाई हेतु कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिये। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, उप जिलाधिकारी डा. अमृता शर्मा, अधिशासी अभियंता सिंचाई एके जौन, एएस डांगी, उप निदेशक खनन डा. अमित गौरव, जनप्रतिनिधि राजेश कुमार, गौरव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जनता व अधिकारी मौजूद थे।

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

## कांग्रेस नेता की बहन के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव व समाजसेवी नजाकत अली की बहन के निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक और छात्र संगठनों ने शोक व्यक्त किया है। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, सांसद प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत, भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, उर्मिला चौधरी, पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, सांसद प्रतिनिधि नवीन कारगेटी,संजय नेगी, एडवोकेट फैजुल हक, भुवन शर्मा, हाजी आसिफ इकबाल, नरेंद्र शर्मा, गणेश रावत, शिशुपाल सिंह रावत, आशा बिष्ट, भुवन चंद्र शर्मा, देशबंधु रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, डॉक्टर दानिश सैफी, संजय बिष्ट, पुष्कर दुर्गापाल, सुमित लोहनी, शमीम अहमद ठेकेदार, एडवोकेट फईम चौधरी आदि थे।

## जान बचाने को गुलदार से भिड़ा ग्रामीण

**काफी देर संघर्ष के बाद गुलदार को भागने पर कर दिया मजबूर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिम वन प्रभाग तराई पश्चिमी के भगुवाबंगर क्षेत्र में एक ग्रामीण पर गुलदार ने हमला कर दिया। हमले के दौरान ग्रामीण ने हिम्मत दिखाते हुए गुलदार के साथ काफी देर संघर्ष करके पंच मारकर गुलदार को भागने पर मजबूर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक तराई पश्चिमी के भगुवाबंगर में बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक गुलदार ने 56 वर्षीय मजदूर बहादुर राम पर अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि बहादुर रोज की तरह बगीचे में काम कर रहा था, तभी अचानक झाड़ियों से गुलदार निकला और उस पर हमला कर दिया ,उसने बहादुर जकड़ लिया, लेकिन बहादुर राम ने हिम्मत नहीं हारी, जैसे ही मौका मिला उसने पूरी ताकत से गुलदार को पंच मारे। काफी देर संघर्ष के बाद उसने आखिरकार गुलदार को भागने पर मजबूर कर दिया। बहादुर राम को प्राथमिक उपचार के लिए रामनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। बहादुर राम के शरीर पर कुछ गंभीर घाव आए हैं, खासकर हाथ और सीने पर घाव हैं। तराई पश्चिमी के वन दरोगा चंद्रा दत्त ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई। वहीं तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर रेंज के रेंजर जेपी डिमरी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।टीम द्वारा गश्त बढ़ा दी गई है और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## त्योहार में हुड़दंग और अफवाह फैलाई, तो होगी कार्रवाई: एसपी

**आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस ने की गोष्ठियां**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आगामी त्यौहारों होली पर्व व रमजान के दृष्टिगत क्षेत्र में आपसी सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन में थानाध्यक्ष कनालीछीना आरती द्वारा कस्बा कनालीछीना में एक शांति एवं अमन गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में थाने का पुलिस फोर्स के साथ विभिन्न समुदायों के गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय व्यापारी, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, सीएलजी सदस्य और सम्भ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया।

गोष्ठी के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों की समस्याओं और सुझावों को सुना गया तथा सभी को त्यौहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। इस संदर्भ में व्यापारियों, दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान मालिकों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि वे अपनी दुकानों और कॉम्प्लेक्स में सीसीटीवी कैमरों को अनिवार्य रूप से चालू रखें। पुलिस ने यह स्पष्ट कर दिया कि हुड़दंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इसी क्रम में थानाध्यक्ष डीडीहाट हरीश सिंह कोरंगा द्वारा थाने में नियुक्त पुलिस बल के साथ गोष्ठी आयोजित की।

दौरान पुलिस कर्मियों को उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेश निर्देशों से अवगत कराया । साथ ही सभी को निर्देश दिए कि अपनी ड्यूटी सतर्कता पूर्वक करें, ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। सभी को आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने-अपने बीट क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखते हुए अराजक तत्वों की सूचना थाने नोट कराकर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सभी मिलकर नगर को हर दृष्टि से लाएंगे चमक: अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** बुधवार को लोहाघाट नगर पालिका सभागार में लोहाघाट नगर पालिका के नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा की अध्यक्षता तथा अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी के संचालन में संपन्न की गई। बोर्ड बैठक में लोहाघाट विधायक अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक अधिकारी ने नवनिर्वाचित बोर्ड को शुभकामनाएं देते हुए कहा उन्हें पूरी आशा है नया बोर्ड पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में नगर के विकास के लिए अपनी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने पालिका अध्यक्ष वर्मा के द्वारा पूर्व में किए गए विकास कार्यों की सराहना की। विधायक अधिकारी ने कहा नगर के विकास के लिए वे पालिका बोर्ड का भरपूर सहयोग करेंगे। पालिका अध्यक्ष ने सहयोग के लिए विधायक अधिकारी को धन्यवाद दिया। इस दौरान नगर के सभासदों के द्वारा बोर्ड के समक्ष अपने अपने वार्डों की समस्याओं को रखा। बैठक में सभासद सुरेश फर्त्याल, खड़क सिंह, योगेश जोशी, आशीष राय, दीपा गोस्वामी, आरती देवी के साथ कविराज मोनी, ललित भट्ट, प्रकाश उप्रेती आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार और सूचना विभाग आपस में मिलकर करेंगे काम: कार्की

**जिला सूचना अधिकारी एवं पत्रकारों के बीच आयोजित हुआ आपसी संवाद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** पत्रकार एवं जिला सूचना विभाग एक दूसरे के पूरक बनकर आपसी संवाद, सहयोग व समन्वय का वातावरण पैदा कर चम्पावत जनपद को हर क्षेत्र में प्रथम पंक्ति में लाने का प्रयास करेंगे।

जिला सूचना अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद धीरज कार्की ने पत्रकारों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए सभी का स्वागत किया। उनका कहना था जिले के संयोजन में सूचना विभाग व पत्रकारों की अहम भूमिका होती है। यह प्रसन्नता की बात है कि चम्पावत का विधानसभा में नेतृत्व मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है जो अपनी परिकल्पना के अनुसार चम्पावत को हिमालयी राज्यों का मॉडल जिला बनाने चाहते है। इस दिशा में लगातार अभिनव प्रयास किया जा रहे है। सूचना अधिकारी ने कहा कि हम सब मिलकर एक स्वस्थ एवं सकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे, जिससे हम सब जिले के समग्र विकास में सहभागी बन सके। पत्रकारों ने नए जिला सूचना अधिकारी का स्वागत करते हुए जहां उन्हें हर स्तर पर अपना सहयोग देने की बात कही, वही उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद की नई परम्परा शुरू करने पर जोर दिया, जिससे सभी पत्रकार अपने अनुभव साझा कर विभागीय कार्यक्रमों को जमीनी रूप देने में सहयोग कर सके। पत्रकारों की समस्याओं एवं उन्हें एक दूसरे का पूरक बनाने के लिए विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं से लाभान्वित किया जाना चाहिए। नए पत्रकारों को हर स्तर पर प्रोत्साहित करने के साथ पत्रकारों की लंबित समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण करने की पहल भी की जानी चाहिए। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार गणेश दत्त पांडेय, दिनेश चंद्र पांडेय, जया पुनेठा, चंद्रशेखर जोशी, योगेश जोशी, पंकज पाठक, गणेश पांडेय, राजीव मुरारी, सूरी पंत, नेहा, सचिन, ललित मोहन जोशी, गिरीश बिष्ट, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, संजय भट्ट, सुरेश गडकोटी एवं सूचना विभाग के कार्यालय अधीक्षक आशा गोस्वामी, सुधीर कुमार, पंकज कुमार, रजत रावत, सुरेश पांडेय, गीता महर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने कार में अवैध बीयर के साथ एक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के आदेशानुसार अवैध शराब, चरस, स्मैक तस्करी पर नकेल कसने के लिए जनपद पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग की जा रही है ।



इसी कड़ी में थानाध्यक्ष गंगोलीहाट हीरा सिंह डांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान कस्बा गंगोलीहाट मुख्य सड़क पर एक अल्टो कार को रोककर चेक किया, जिसमें दो पेटी अवैध बीयर बरामद हुई। पुलिस टीम ने अभियुक्त हरीश प्रसाद पुत्र मदन राम निवासी ग्राम ड्यूल, गंगोलीहाट को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना गंगोलीहाट में धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बीयर परिवहन में प्रयुक्त कार को भी सीज किया गया । पुलिस टीम में अपर उ.नि. मो. आकिल सिद्दकी, हे. का. देशराज, का. विनोद जोशी शामिल थे ।

**कार को कब्जे में लेकर किया सीज**

### नथिंग ने लॉच किए दो नए स्मार्टफोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नथिंग ने आज फोन (3ए) सीरीज पेश कर दी है। बहु-चर्चित फोन (2ए) पर आधारित ऑप्टिकल जूम के साथ ये बेहतर डिजाइनों में आ रहे हैं।

फोन (3ए) और फोन (3ए) प्रो दोनों में ही ज्यादा सोफेस्टिकेटेड लुक और फील है, जिसमें अपग्रेडेड ग्लास बैक पैनल, इनटर्नल संरचना में बढ़ी हुई समरूपता और फिनिश में परिष्कृत विजुअल डिटेल्स और तत्व शामिल हैं। इसके अलावा फोन को आईपी 64 रेटिंग में अपग्रेड किया है। जब कैमरे की बात आती है, तो । फोन (3ए) में पहली बार ऑप्टिकल जूम के साथ एक अपग्रेडेड 50 एमपी मेन सेंसर और एक सोनी अल्ट्रा-वाइड सेंसर की सुविधा होगी। फोन (3ए) प्रो फ्लैगशिप टेलीफोटो जूम, फोन (3ए) प्रो के दमदार पेरिस्कोप जूम के साथ बहुमुखी प्रतिभा को पूरा करता है। दोनों फोन में 5000एमएएच की बड़ी बैटरी है।6.77 इंच स्क्रीन साइज और फुल एचडी प्लस रिजॉल्यूशन वाले दोनों डिवाइसों पर, स्क्रीन के हर इंच में 387 पिक्सल और 120 एचजेड एडेप्टिव रिफ्रेश रेट के साथ दृश्य स्पष्ट दिखते हैं।

### उप जिला चिकित्सालय को फिजिशियन मिलने से लोगों को मिली बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में सीएमओ चंपावत डा. देवेश चौहान के द्वारा फिजिशियन की तैनाती कर दी गई है।

सीएमओ डॉक्टर चौहान ने बताया बुधवार से फिजिशियन डॉक्टर राकेश जोशी के द्वारा अपनी सेवाएं लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में देनी शुरू कर दी गई हैं। वहीं डॉक्टर जोशी के द्वारा आज कई रोगियों का उपचार किया गया। काफी लंबे समय के बाद फिजिशियन की तैनाती होने से लोहाघाट क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिली है। लोगों ने फिजिशियन की तैनाती के लिए सीएमओ डॉक्टर देवेश चौहान को धन्यवाद दिया। सीएमओ चौहान ने बताया उप जिला चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ की भी नियुक्ति की जा चुकी है। जल्द उनके द्वारा भी सेवाएं शुरू की जाएंगी। कहा वह हड्डी रोग विशेषज्ञ व चाइल्ड स्पेशलिस्ट की नियुक्ति के लिए प्रयासरत हैं। कहा उनकी पूरी कोशिश है जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध की जाए।

### गांजे के पैकेट के साथ महिला को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने गांजा का व्यापार कर रही एक महिला को 34 गांजे के पैकेटो के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गत रात को मुखबिर की सूचना पर आरोपी आशा उर्फ हमीदा पत्नी नन्हे त्यागी निवासी नई बस्ती गुलरघट्टी रामनगर के घर में तलाशी ली गई तो आरोपी महिला के घर से 34 पैकेट (0.466 ग्राम) अवैध गांजे के बरामद हुए। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि आरोपी महिला से पूछताछ की गयी तो बताया कि वह और उसका परिवार गांजे का कई सालों से काम करता है। उन्होंने बताया कि गांजे के मामले में कई बार जेल जा चुके हैं। गांजे की एक पुड़ियो को में 100 रुपये का मंगाती है और यहां घर पर 200 रुपये में बेचती है। बताया कि पुलिस ने आरोपी महिला को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट ने आरोपी महिला को जेल भेज दिया है। पुलिस की गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक द्वितीय मनोज नयाल, एसआई सुरभि राणा, हेड कांस्टेबल नसीम अहमद, कांस्टेबल संजय कुमार, रक्षा रौतेला शामिल रही।

### वीर नारियों व पूर्व सैनिकों की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर। रामनगर** में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी व पूर्व सैनिक कल्याण एवम् उत्थान समिति के पदाधिकारियों द्वारा वीर नारियों व पूर्व सैनिकों की बैठक सम्पन्न कराई। बुधवार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रमेश सिह अधिकारी हल्द्वानी से रामनगर पहुंचे।रामनगर सैनिक कल्याण एव उत्थान समिति के संरक्षक कैप्टेन हरगोविंद मासीवाल, अध्यक्ष कुलवंत सिंह, ब्लॉक प्रतिनिधि चंद्र मोहन मनराल व सचिव भुवन सिंह डंगवाल द्वारा सैनिक कल्याण अधिकारी का स्वागत किया।बैठक में सचिव भुवन सिंह डंगवाल द्वारा सभी वीर नारियो व पूर्व सैनिको से जानकारी लेते हुए समस्याओं को पूछा गया। समस्याओ को अध्यक्ष कुलवंत सिंह रावत द्वारा सैनिक कल्याण अधिकारी को बताया गया।जिस पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा अपने माध्यम से जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।

## एएनएम और आशा कार्यकत्रियों के मामले का हुआ पटाक्षेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सीएमओ उधम सिंह नगर को लिखित शिकायत को लेकर आज बुधवार को एएनएम और आशा कार्यकत्रियों ने एकत्रित होकर पहले जसपुर सामुदायिक केंद्र के चिकित्साध्यक्ष से मिलकर अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया। उसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यालय जाकर उनसे मिली और शिकायत के संबंध में उनसे वार्ता की और अपने ऊपर लगे आरोपों का खंड़न किया।

एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से बात करने पर उन्होंने बताया कि कुछ आपस में मिस- अंडरस्टैंडिंग हो गई थी, जिसका मिलकर समाधान कर लिया गया है। उनके द्वारा अध्यक्ष और चिकित्सा अध्यक्ष के सामने अपनी बात रख दी गई है। मोहम्मद नौशाद ने बताया कि कुछ नागरिकों द्वारा एएनएम और आशा कार्यकत्रियों द्वारा जन्म



प्रमाण पत्र और अन्य कार्यों के लिए परेशान किया जा रहा था, इसको लेकर उन्होंने सीएमओ उधम सिंह नगर को पत्र लिखकर अवगत कराया था।

एएनएम और आशा द्वारा भविष्य में इस तरह की किसी शिकायत नहीं आने का भरोसा दिलाया गया है। मामले का अब पटाक्षेप हो गया है।

## प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं का किया सम्मान

**छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए शिक्षक उपाध्याय ने दिए पुरस्कार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राउमावि खूनाबोरा में प्रधानाचार्य सुरेंद्र लाल की अध्यक्षता तथा प्रकाश चंद्र उपाध्याय के संचालन में आयोजित छात्राओं के सम्मान समारोह में जनपद स्तरीय वाद विवाद,भाषण तथा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रधानाचार्य सुरेंद्र लाल द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही राज्य स्तरीय हैकथॉन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु जनपद चंपावत से एकमात्र राउमावि खूनाबोरा की चयनित छात्राओं को मार्गदर्शक शिक्षक प्रकाश चंद्र उपाध्याय ने अपनी ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में नवीन चंद्र जोशी, प्रकाश चन्द्र उपाध्याय आदि सम्मिलित थे।

छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र लाल द्वारा जनपद स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्राओं महिमा बोहरा, कोमल विश्वकर्मा, मानसी बिष्ट, सृष्टि माहरा, प्रियंका बिष्ट के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनके मार्गदर्शक शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विद्यालयों में बच्चों को मिलनी चाहिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा: डीएम

### स्कूलों में संचालित विभिन्न गतिविधियों और आवश्यकताओं को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में जनपद के विद्यालयों में संचालित विभिन्न गतिविधियों के सम्बन्ध में एक बैठक कलक्ट्रेट में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों के साथ सम्पन्न हुई। तीन घंटे चली इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 100 से अधिक शिक्षक, प्रधानाचार्य तथा जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक क्रियाकलापों की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों, खण्ड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाचार्यो एवम् शिक्षकों से बात करते हुए समस्त विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस व वर्चुअल क्लासेस की स्थिति की जानकारी ली और जिन विद्यालयों में उपलब्धता नहीं है उनसे कारण भी जाना। जिलाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि आने वाले दो सालों में जिले के समस्त विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस व वर्चुअल क्लासेस उपलब्ध करा दी जाएंगी।

जिलाधिकारी ने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने पर जोर दिया तथा उन्होंने कहा कि बच्चों को टेक्नोलॉजी परख तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए, ताकि वे भविष्य की चुनौतियां के लिए तैयार हो सके। जनपद के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की स्थिति को देखते हुए उन्होंने नाराजगी जताई और इस स्थिति को बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण माना, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उनकी नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए स्थिति को सुधारने हेतु सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा सभी खंड विकास अधिकारियों एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य से व्यक्तिगत चर्चा करते हुए स्कूलों में बेसिक सुविधा, शैक्षिक माहौल और संशाधनों की कमी को दूर करने के विषय में विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की संख्या बढ़ाने में जोर दिया। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी हरक राम कोहली, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक तरुण कुमार पंत, सभी विकास खण्डों के खंड शिक्षा अधिकारी, सहित संबंधित प्रधानाचार्य एवं शिक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## जीवंत विज्ञान प्रदर्शनी और विषय परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक जीवंत विज्ञान प्रदर्शनी और विषय परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें कक्षा 3 से 12 वीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष अमिता लोहानी, भाजपा नेता गणेश रावत, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता हरीश खंतवाल, भाजपा नेत्री आशा बिष्ट, शांति रावत, सुरेंद्र सिंह रावत, सुमित, रेखा त्रिपाठी रहे।

लोगों ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल की काफी सराहना की। विशेष कर कार्बइट गन की सबसे ज्यादा सरहाना की गई। प्रबंध निदेशक शिशुपाल सिंह रावत ने कहा कि कार्बइट गन को ई.एस.टी. कनिया के साथ मिलकर तकनीकी सस्थी गन को बनाकर क्षेत्र में जंगली जानवरों से बचाकर मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री के लोकल फॉर वोकल पर भी कार्य होगा। मैनेजिंग डायरेक्टर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया।प्रधानाचार्य कंचन बिष्ट ने छात्रों के उत्साह, रचनात्मकता और कड़ी मेहनत की सराहना की और उन्हें भविष्य में ऐसी परियोजनाओं की खोज और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर कार्बाईड गन और ह्यूमन सर्कुलेटरी सिस्टम आए। दूसरे स्थान पर हाइड्रॉलिक आर्म और एटीएम मशीन रहे जबकि तीसरे स्थान थर्मोजेट इंजन, साइंटिफिक इंवेंशन, हिल एरिया इंट्रोडक्शन और वेदास रहे।

## डीएम ने ली जिला स्तरीय रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को जिला सभागार में चिकित्सालय, क्लीनिक स्थापना अधिनियम-2010 एवं नियमावली 2015 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण की बैठक लेते हुए कहा कि जनपद के सभी क्लीनिक, चिकित्सालय क्लीनिक एक्ट के तहत मानचित्र के साथ ही फायर सेफ्टी, प्रदूषण कन्ट्रोल एनओसी के आधार पर ही संचालन की परमिशन दी जाएगी।

डीएम ने कहा कि जो भी चिकित्सालय, क्लीनिक संचालित है उनका नवीनीकरण क्लीनिक का मानचित्र के साथ ही फायर व प्रदूषण मानकों के अनुपालन सम्बन्धी शपथ पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे तभी उन्हे तीन माह का अस्थाई संचालन हेतु स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही चिकित्सालय व क्लीनिक प्रबंधकों को इस आशय का शपथ पत्र भी देना होगा कि यदि कोई घटना घटती है तो उसका दायित्व चिकित्सालय, क्लीनिक संचालक का होगा। उन्होंने कहा नये चिकित्सालयों, क्लीनिकों का रजिस्ट्रीकरण सभी मानक पूर्ण करने पर किया जाएगा। जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्तरीय रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण श्री भदौरिया ने कहा कि चिकित्सालय क्लीनिक प्रबंधक क्लीनिक अधिनियम में कोई संशोधन अथव शिथिलता चाहते है तो अपने सुझाव व अनुरोध राज्य स्तरीय आईएमए के माध्यम से शासन को प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने जनपद के सभी चिकित्सालयों व क्लीनिक प्रबंधकों को पीसीपीएनडीटी एक्ट का अनुपालन करने के निर्देश दिये। जनपद में कुल 42 चिकित्सालयों/क्लीनिकों के नवीनीकरण एवं रजिस्ट्रीकरण हेतु प्राप्त हुए हैं, जिनकी प्रत्रावली पूर्ण कर प्रस्तुत करने के निर्देश सीएमओ को दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, पीएमएस डा. आरके सिन्हा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरेन्द्र मलिक, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, आईएमए पदाधिकारी डा. यशपाल रावत, डा. एके बंसल, डा. मिनाक्षी, डा. मनप्रीत बाठला, डा. मनदीप सिंह, डा. नीरजा पंत, डा. नूतन, डा. मौ. जीशान खान, डा. विश्वास जोशी आदि मौजूद थे।

## थाना पुलभट्टा में वाहनों की नीलामी टली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** थाना पुलभट्टा में चार दर्जन से अधिक दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की होने वाली के लिए गठित नीलामी कमेटी के अध्यक्ष तहसीलदार मजिस्ट्रेट के न आने पर कैंसिल कर दी गई। अगली नीलामी की तिथि शीघ्र समाचार पत्रों में प्रकाशित की कराई जाएगी।

थाना पुलभट्टा पर विभिन्न मुकदमों में जप्त किए गए लगभग चार दर्जन दोपहिया वाहन एवं आधा दर्जन से अधिक चार पहिया वाहनों का न्यायालय से निस्तारण होने के बाद पांच फरवरी को नीलामी की जानी थी। नीलामी में भाग लेने हेतु उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के एक सौ से अधिक बोलीदाता बोली में प्रतिभाग करने के लिए थाना परिसर में पहुंचे तथा बोली में प्रतिभाग हेतु



टोकन भी प्राप्त कर लिए थे, परंतु नीलामी कमेटी के अध्यक्ष तहसीलदार मजिस्ट्रेट के सरकारी कार्य से नगर से बाहर चले जाने की जानकारी मिलने पर पुलभट्टा थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने सभी उपस्थित बोली दाताओं को बताया कि तहसीलदार मजिस्ट्रेट के यहां न पहुंचने पर आज होने वाली वाहनों की नीलामी निरस्त की जाती है।

वाहनों की नीलामी के लिए अगली तिथि घोषित की जाएगी।

# उत्तराखंड के पांच शहरों में शहरी नदी प्रबंधन योजना का प्रस्ताव

## नमामि गंगा के तहत अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान समिति के संबंध में बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा, जल शक्ति मंत्रालय एवं नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान से उत्तराखण्ड के पांच शहरों (गंगोत्री-यमुनोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार, हल्द्वानी-काठगोदाम, रामनगर) में शहरी नदी प्रबंधन योजना विकसित की जानी प्रस्तावित है। इसी क्रम में बुधवार को अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान की अध्यक्षता में कलैक्टेट नैनीताल सभागार में नमामि गंगा के तहत अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान समिति की संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत हल्द्वानी-रामनगर को विकसित किए जाने के संबंध में विचार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पर्यावरण, सामाजिक योगदान और आर्थिक प्रबंधन पहलू आदि पर विचार विमर्श किया गया। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार विक्टर शिंदे ने बताया कि नमामि गंगा का मुख्य उद्देश्य नदियों के किनारे बसे शहरों के विकास की योजना, नदी सुरक्षा, लोगों को नदियों का महत्त्व, प्रकृति से जोड़ना, नदियों को दूषित होने से बचाने के साथ ही पर्यटन को देना है। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों और संबंधित एजेंसी को आपसी समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करने की बात कही। ताकि प्रोजेक्ट बेहतर तरीके और समय पर पूरा किया जा सके। साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग को रीवर साइड प्लान तैयार करने को कहा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने परियोजना के तहत संबंधित विभागीय अधिकारियों को आंकड़े बना कर एजेंसी को उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने परियोजना के तहत टीम गठन करने की निर्देश दिए। इस दौरान नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी ऋचा सिंह, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी डा. मनोज काण्डपाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग दिनेश सिंह, अधिशासी अभियंता उत्तराखण्ड पेयजल निगम हल्द्वानी एके कटारिया, परियोजना प्रबंधक उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) कुलदीप सिंह, परियोजना प्रबंधक, उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) नैनीताल नीरज उपाध्याय, उप संभागीय वन अधिकारी गणेश दत्त जोशी, विक्टर शिंदे एवं इशलीन कौर, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑप अर्बन अफेयर्स, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, रोहित जयाड़ा, मॉनिटरिंग एवं इवैल्यूएशन विशेषज्ञ, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे, उत्तराखण्ड आदि मौजूद रहे।

### शैक्षिक भ्रमण किया

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में बुधवार को बरेली कॉलेज बरेली के वनस्पति शास्त्र के पीजी विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभाग के शोध की जानकारी ली तथा विभाग द्वारा प्रकाशित फ्लोरा को भी देखा। विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने विद्यार्थियों को बताया कि उत्तराखंड में 250 क्रूड ड्रग प्लांट्स है तथा 701 मेडिसिनल प्लांट्स यहां पाए जाते हैं। कहा कि 2050 में औषधीय पौधों की विश्व में 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी होगी। डा. नवीन पांडे ने विद्यार्थियों को बताया कि हर्बेरियम आज भी पौधों के नामकरण का आधार है, यह हर्बेरियम हमें पौधों के पूर्ण जाएं देता है। बरेली के विद्यार्थियों ने पटवा सहित जिनको, टेंपरेट पाम को भी देखा। उसके पश्चात भ्रमण दल ने एरीज तथा बोटेनिकल गार्डन नारायणनगर में भी महत्पूर्ण जानकारी एकत्रित की। दल में विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक खरे समेत डा. मालिक, डा. सिंह, डा. शालिनी सक्सेना सहित 25 विद्याथी तथा डा. प्रभा पंत, दिशा, आनंद, वसुंधरा व विशाल शामिल रहे।

## प्रो. रजनीश पांडे का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में बुधवार को कला संकायाध्यक्ष कुमाऊं विश्वविद्यालय संकायाध्यक्ष बनाया गया है, उनका कार्य काल तीन वर्ष का होगा। उल्लेखनीय है प्रो. रजनीश पांडे पूर्व में विभागाध्यक्ष तथा परीक्षा नियंत्रक



बनने पर अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. रजनीश पांडे का भव्य स्वागत किया गया। इस विशेष मौके पर गुरुजनों की ओर से प्रो. रजनीश पांडे का पुष्प गुच्छ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कैप पहनाकर सम्मानित किया गया तथा मिष्ठान वितरण किया गया। बता दें कि प्रो. रजनीश पांडे को प्रो. पद्म सिंह बिष्ट के अवकाश ग्रहण करने पर विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र तथा कला कुमाऊं विश्वविद्यालय रह चुके हैं। स्वागत समारोह में कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत विभागाध्यक्ष प्रो. आरसी जोशी, विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति जोशी समेत प्रो. अर्चना श्रीवास्तव, प्रो. सुषमा टम्टा, डा. हरिप्रिया पाठक, अनिता पांडे, डा. विजय कुमार, डा. शिवांगी चन्याल, डा. मनीषा त्रिपाठी, डा. नंदन बिष्ट, डा. प्रियंका नीरज रुबाली तथा डा. दलीप आदि मौजूद रहे।

### गांजा तस्करी में कारावास

**अल्मोड़ा।** गांजा तस्करी के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दो आरोपियों पर दोष सिद्ध करते हुए साढ़े दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया हैं। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि अप्रैल 2023 में सल्ट पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान सराईखेत के नैल तिराहा के पास चेकिंग के दौरान एक कार को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार सचिन सक्सेना निवासी हरथला मुरादाबाद और रघु रघुवर निवासी चिनौन सल्ट के कब्जे से 31 किलो गांजा बरामद किया गया। जबकि ज्ञानी उर्फ ज्ञानेंद्र निवासी काजीपुरा सिविल लाइन मुरादाबाद मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन कर न्यायालय ने आरोपी सचिन सक्सेना और रघु उर्फ रघुवर को दोषी माना।

# लेकसिटी क्लब के चुनाव 16 को

## रेखा त्रिवेदी को चुनाव अधिकारी नामित किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि क्लब के वार्षिक चुनाव 16 मार्च रविवार को अपराह्न दो बजे से राज्य अतिथि गृह में संपन्न कराएं जाएंगे।



बैठक में वार्षिक चुनाव कराने के लिए सर्व सम्मति से रेखा त्रिवेदी को चुनाव अधिकारी एवं डा. प्रगति जैन को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि चुनाव क्रमशरू अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव, कोषाध्यक्ष, सांस्कृतिक सचिव, संस्थापक अध्यक्ष, कोऑर्डिनेटर पदों के लिए होगा। उन्होंने सभी क्लब के सदस्यों से चुनाव में भाग लेने की अपील की। बता दें लेक सिटी वेलफेयर क्लब के चुनाव का कार्यकाल 1 वर्ष का होता है। बैठक के अंत में क्लब की पूर्व अध्यक्ष रानी शाह की माता रीवा शाह के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में विनीता पांडे, मीनाक्षी कीर्ति, प्रेमा अधिकारी, हेमा भट्ट, सरिता त्रिपाठी, दीपिका बिनवाल, तनु सिंह, जीवंती भट्ट, आभा शाह, कविता त्रिपाठी, मीनू बुदुलाकोटी, अमिता शाह, कंचन जोशी, नीरू शाह, ज्योति वर्मा तथा डा.पल्लवी तथा रमा भट्ट आदि उपस्थित थी। संचालन सचिव दीपा पांडे ने किया।

### विरोधाभासी बयानों पर आरोपी दोषमुक्त

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विक्रम की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी को पुलिस रिकॉर्ड व गवाहों के विरोधाभासी बयानों के आधार पर दोषमुक्त करार दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 30 अक्टूबर 2017 को काठगोदाम पुलिस ने बानना भीमताल निवासी लोकेश पलड़िया को 117 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। जो करीब एक माह जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा हो गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस के तथ्यों में विरोधाभास सामने आया। साथ ही कोई स्वतन्त्र गवाह भी नहीं था। इन तर्कों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया।

# यूसीसी: पहाड़ी आर्मी ने फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पहाड़ी आर्मी की पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण यात्रा बुधवार को नैनीताल पहुंची। यहां पहुंचने पर पंत पार्क में नुक्कड़ सभा भी आयोजित की गयी। इस मौके पर पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा 25 वर्षों में रणनीतिक पार्टियों ने प्रदेश को गर्त में धकेल दिया। मूलभूत समस्याओं में काम करने के बजाय प्रदेश में ऊलजुलूल कानून थोपे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ विरोधी लोग सजग रहें। अब पहाड़ का व्यक्ति बाहरियों का अतिक्रमण बिल्कुल सहन नहीं करेगा। कहा कि प्रदेश में जो बाहरी लोगों की दादागिरी गुंडागर्दी कर रहे हैं उनका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। कहा पहाड़ी आर्मी सशक्त भू कानून, मूल निवास, गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने,



पहाड़ की भाषा और त्योहारों को सरकारी मान्यता देने की मांग कर रहा है। कहा कि नदियों जंगल और पर्यावरण का अवैध दोहन रोकने, नशे से पहाड़ को बचाने, यूसीसी, लिव इन रिलेशन को कानूनी मान्यता देकर पहाड़ी हिंदू संस्कृति को तहस नहस करने का कानून है जिसका हम विरोध करते हैं। उन्होंने कहा सदन में वित्तमंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल द्वारा जिस अभद्र भाषा में पहाड़ी समाज को गाली दी वह हम पहाड़ियों के लिए असहनीय है जिसके लिए माफी नाकाफी है। जिलाध्यक्ष मोहन कांडपाल ने बताया कि 26 फरवरी से चंपावत से इस पहाड़ बचाओ की शुरुआत हुई जो पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, रानीखेत, द्वाराहाट, चौखुटिया तथा मासी होते हुए बुधवार को नैनीताल पहुंची है। यात्रा पूरे प्रदेश में चलेगी जिसका कुमाऊं में प्रथम चरण का समापन 9 मार्च रविवार को हल्द्वानी में पहाड़ी स्वाभिमान रैली के रूप में होगा। सभा को संबोधित करते हुए राज्य आंदोलनकारी गौरव गोस्वामी और एडवोकेट नवीन तिवारी ने कहा आज राज्य बचाने के लिए इस आंदोलन की अति आवश्यकता हो गई है। पंत पार्क चौराहे पर जोरदार नारेबाजी कर वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, ऋतु खंडूरी तथा महेंद्र भट्ट का पुतला फूंका गया। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष मोहित राणा, राजेंद्र भंडारी, कमलेश खंडूरी, रमेश, कपिल शाह, कमलेश जेठी, अरुण शाह, दीपक गंगोला, मोहन कांडपाल, विनोद शाही, भगवंत सिंह राणा, गौरव गोस्वामी तथा विनोद नेगी आदि मौजूद रहे।

## डीएसबी में राष्ट्रीय सम्मेलन कल

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग की ओर से शुक्रवार यानी 7 मार्च को उत्तराखंड की रजत जयंती और विकसित भारत 2047 विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। खास बात यह है कि सम्मेलन उत्तराखंड के पिछले 24 वर्षों की विकास यात्रा तथा उसकी उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर केंद्रित होगा। वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तराखंड के आर्थिक विकास, सामाजिक परिवर्तन तथा पर्यावरणीय स्थिरता और तकनीकी उन्नति जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। कार्यक्रम में प्रो. डीएस रावत (कुलपति कुविवि), डा. सीडी सूंठा (पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड), डा. नारायण सिंह जंतवाल (पूर्व विधायक नैनीताल), प्रो. अमित जोशी (प्रबंध अध्ययन विभाग कुविवि परिसर भीमताल), योगेश चंद्र पांडे (पूर्व एजीएम जिला उद्योग केंद्र) डा. भुवन चंद्र जोशी (मानव संसाधन विभाग अशोक लीलैंड प्रालि रुद्रपुर) और कीवा सिंह (संस्थापक माउंटेन विलेज फाउंडेशन) प्रमुख रूप से शामिल होंगे। दूसरी ओर सम्मेलन की तैयारियों में विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डा. आरती पंत, डा. विजय कुमार, डा. ममता जोशी, डा. निधि वर्मा, डा. जीवन उपाध्याय, डा. विनोद जोशी, डा. हिमानी जलाल, डा. तेज प्रकाश, डा. पूजा जोशी पालीवाल, डा. अंकिता आर्या, डा. गौतम रावत, रितिशा शर्मा, पंकज भट्ट, सूबिया नाज, मीनू जोशी, चंदन जलाल, घनश्याम पालीवाल तथा बिशन कुमार आदि जुटे हुए हैं।

### विवि में युवा संसद जल्द

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा विकसित भारत युवा संसद का आयोजन शीघ्र ही किया जाएगा। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम तथा खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय उत्तराखंड द्वारा उक्त कार्यक्रम को आयोजित किया जाना है। इस हेतु 18 से 25 वर्ष के युवा माई भारत पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। युवाओं को इसके माध्यम से अपने विचारों को रखने का बेहतर मौका मिलेगा तथा विकसित भारत पर अपने विचार साझा करने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम संयोजक डा. शिवांगी ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना सहित अन्य सभी विद्यार्थियों से कहा है कि वह तुरंत रजिस्ट्रेशन करें जिससे उन्हें अपने विचार रखने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी की संख्या पंजीकरण हेतु नैनीताल जिले में 5000 की संख्या निर्धारित की गई है।

# ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन तथा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से पालिका की ओर से व्यापारियों पर लगाए जा रहे ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर चर्चा की। इस दौरान उन्हें पूर्व में होटल एसोसिएशन की ओर से तैयार की गई लिस्ट की भी जानकारी दी। बता दें कि बीती नगर पालिका बोर्ड में नगर में 129 ट्रेड में लाइसेंस शुल्क लगाने की पहल हुई।

जिसके दायरे में होटल समेत अन्य सभी कारोबारी आ रहे थे। हालांकि व्यापारियों के विरोध के बाद अब तक ट्रेड लाइसेंस का मामला लंबित हैं लेकिन नई पालिका बोर्ड की ओर से इसे लागू किया जाना है। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि इस मामले में वह पूर्व पालिकाध्यक्ष तथा पूर्व ईओ आदि से वार्ता भी कर चुके हैं। उन्होंने पालिकाध्यक्ष को होटल की ओर से पूर्व में तैयार स्लैब को पालिका में दिए जाने की जानकारी दी। व्यापार मंडल ने छोटे कारोबारियों से शुल्क न लेने का अनुरोध किया। पालिकाध्यक्ष डा. खेतवाल ने कहा कि ट्रेड लाइसेंस मामले में पालिका बोर्ड की विशेष बैठक के बाद अंतिम निर्णय लेगी। इस मौक पर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह, तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारूति नंदन साह, मल्लीताल के किशन सिंह नेगी, महासचिव त्रिभुवन सिंह फर्त्याल तथा युवा व्यापारी रुचिर साह आदि समेत तल्लीताल व मल्लीताल व्यापार मंडल से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व उन्होंने पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

## एक नजर

### चालक की सूझ-बूझ से टला बड़ा हादसा

**अल्मोड़ा।** करबला के समीप खाली सिलेंडर लेकर हल्द्वानी जा रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। जिससे चालक समेत आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि चालक ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए आग पर काबू पा लिया। बुधवार को एक ट्रक खाली सिलेंडर लेकर हल्द्वानी को जा रहा था। इसी बीच करबला के समीप चलते ट्रक में बैटरी से स्पार्क के बाद आग लग गई। चालक ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए ट्रक को खाली स्थान पर रोका। वाहन में रखे अग्निशमन उपकरण से आग पर काबू पाया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

### गबन का आरोपी डाकपाल साई पुल से गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर पुलिस ने भैसोडी में गबन के आरोपी फरार डाकपाल को गिरफ्तार कर लिया है। मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह के नेतृत्व में वांछित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। वांछित अभियुक्त बसंत लाल आर्या द्वारा पोस्ट ऑफिस के खाता धारकों के फर्जी हस्ताक्षर कर उनके खाते से लगभग 94 हजार रुपए से अधिक की धनराशि निकाली गई। वांछित अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। सोमेश्वर पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त को साई पुल के पास सोमेश्वर से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की।

### पर्यटकों को इलेक्ट्रॉनिक कार का आनंद मिलेगा

**नैनीताल।** नगर पालिका द्वारा जू शटल सेवा के लिए टेंडर खोले गए थे जिसमें बुधवार को अल्मोड़ा की फर्म को 81 लाख टेंडर मिला है जिसके बाद अब जू रोड पर पर्यटकों को इलेक्ट्रॉनिक कार का आनंद मिलेगा। नगर पालिका के ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि बीते एक साल से निविदा नहीं हो पा रही थी। जिसके बाद बुधवार को निविदा खोली गई और अल्मोड़ा की फेम के साथ 81 लाख में जू शटल सेवा की निविदा सफल हुई।

### अनूठा पौधा रोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधा रोपण आंदोलन बुधवार को 243वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में बुधवार को पर्यटक आवास गृह मुनस्यारी में आवास गृह के कर्मचारियों के साथ स्नो स्कीईग प्रशिक्षण में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं ने परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में केदार सिंह, कल्याण राम, मनोज कुमार, हेम पंत, हरीश, नरेंद्र, गौरव कुमार, चंचल सिंह, नरेंद्र थापा तथा लक्ष्मण राम सहित निगम कर्मी व छात्र छात्राएं रहे।

### स्नो स्कीईग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित बैटुलीधार-मुनस्यारी में चल रहे स्नो स्कीईग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जोहर क्लब मुनस्यारी के अध्यक्ष केदार सिंह मर्तोलिया व सरपंच खुशाल सिंह द्वारा किया गया। कुमाऊ मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने कहा कि छात्रों ने प्रशिक्षण से पूर्व हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली छात्र-छात्राओं ने आवास गृह मुनस्यारी परिसर मेंपौधारोपण किया। उन्होंने कहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुनस्यारी क्षेत्र के 21 छात्र-छात्राओं को स्कीइंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पर्यटकों ने भी स्कीइंग का लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा की स्कीइंग करने वालों के लिए काफी बर्फ है। स्कीइंग का प्रशिक्षण देने वालों में लक्ष्मण राम, मनोज कुमार तथा राहुल कुमार प्रमुख हैं। वहीं बुधवार को उद्घाटन के अवसर पर आवास गृह के प्रबंधक केदार सिंह, गौरव कुमार, कल्याण राम, हेम पंत, नवल गुरुरानी तथा नरेंद्र थापा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## स्वतंत्रत पत्रकार को राहत, हाईकोर्ट ने सरकारी से मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कोटद्वार के स्वतंत्र पत्रकार के विरुद्ध कोटद्वार पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही करने पर रोक लगा दी है और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है। बुधवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती पंकज पुरोहित की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार कोटद्वार के स्वतंत्र पत्रकार व सोसियल मीडिया कर्मी सुधांशु थपलियाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि हिट एन्ड रन से पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने की एक पोस्ट उन्होंने अपने फेसबुक में 29 जनवरी 2025 को पोस्ट की थी। इस पोस्ट को पुलिस की छवि खराब करने वाला बताते हुए पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया जबकि उन्होंने हिट एंड रन में हुई युवती के मौत पर ड्राईवर पर कार्यवाही करने को लेकर पोस्ट की थी। याचिका में कहा गया है कि पुलिस कानून का दुरुपयोग करके आम आदमी के अधिकार को दबाने का प्रयास कर रही है।

# सफाई करने वाली संस्था पर पचास हजार का चालानी नोटिस जारी

## नगर निगम टीम को विभिन्न स्थानों पर पड़ा मिला बड़ी मात्रा में कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर व नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम टीम ने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सफाई कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें कई स्थानों पर भारी मात्रा में कूड़ा पड़ा पाये जाने पर कार्यदायी संस्था को 50 हजार के दस चालानी नोटिस जारी किये गये। निरीक्षण करने निकली टीम ने स्टेशन रोड, टांडा उज्जैन, शुगर फैक्ट्री मार्ग, खड़कपुर देवीपुरा, चैती चौराहा, बाजपुर रोड आदि पर भ्रमण के दौरान पाया गया कि नगर निगम में कूड़ा निस्तारण हेतु चयनित फर्म एम एस डब्लू एम द्वारा कूड़ा समय से निस्तारण नहीं किया जा रहा। दस स्थानों पर बड़ी मात्रा में रोड पटरी के किनारे कूड़ा पाया गया जिसके लिए उक्त फर्म पर 5000 प्रति चालान के अनुसार 10 चालान की धनराशि 50000 के नोटिस जारी किए गए। इसके अतिरिक्त अशोक मेडिकल स्टोर द्वारा मुख्य मार्ग बाजपुर रोड के किनारे मेडिकल का बेस्ट कूड़ा पाया गया जिस हेतु मेडिकल स्वामी को कूड़ा निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया कि वह अपना कूड़ा, कूड़ा गाड़ी में डालें तथा यूजर चार्ज जमा करने हेतु नोटिस जारी किया गया तथा ऐसा न करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गयी। इसके अलावा कुमाऊँ प्लाजा होटल द्वारा अपने किचन का बेस्ट कपास मिल कालोनी होटल के पीछे नाली में बहाए जाने की शिकायत सत्य पाई गई, जिस हेतु होटल स्वामी को बेस्ट निस्तारण हेतु नोटिस कार्रवाई की गई, निस्तारण नहीं किए जाने की स्थिति में 5000 का चालान जारी किया जाएगा। साथ ही एबीसी केंद्र के संचालन को ध्यान में रखते हुए पशु चिकित्सालय में स्थित एबीसी केंद्र का निरीक्षण किया गया। चालानी कार्रवाई में डॉ. अमरजीत सिंह साहनी नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अब्दुल सलीम स्वास्थ्य लिपिक, विक्रांत यादव कार्यालय सहायक, कमलेश साहू पीएमयू उपस्थित रहे।

# बच्चों को बचाने के प्रयास में हाथ गंवाने वाली मां एम्स रेफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हैड़ाखान में हुए एक दर्दनाक हादसे में एक मां ने अपने बच्चों की जान बचाने के लिए अपना एक हाथ गंवा दिया। महिला को गंभीर हालत में हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार को हैड़ाखान निवासी रेवाधर अपनी पत्नी विमला देवी, भाई और बच्चों के साथ चोरगलिया स्थित सूर्यादेव मंदिर दर्शन के लिए गए थे। पूजा अर्चना के बाद परिवार अपनी स्कॉर्पियों कार से वापस घर लौट रहा था। घर पहुंचने से कुछ किलोमीटर पहले, हैड़ाखान स्थित वन विभाग के गेस्ट हाउस के पास वाहन हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि घर वापसी के दौरान स्कॉर्पियो सवारों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद गाड़ी अनियंत्रित हो गई। वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठा, और गाड़ी गहरी नदी में गिरने वाली थी। इस स्थिति में विमला देवी ने बच्चों की जान बचाने के लिए साहसिक कदम उठाया और वाहन का हैंड ब्रेक खींच लिया। इससे गाड़ी दीवार से टकरा कर पलट गई, लेकिन इस दौरान महिला का एक हाथ कंधे से अलग हो गया। विमला देवी को तुरंत नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में गंभीर स्थिति में उन्हें एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया।

### वुडबॉल टीम गुजरात रवाना

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की महिला एवं पुरुष वुडबॉल टीम प्रशिक्षण शिविर के उपरांत बुधवार की रात दस बजे रुद्रपुर महाविद्यालय से वड़ोदरा गुजरात के लिए रवाना हो गयी है, जो पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा गुजरात में 7 से 10 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुडबॉल महिला पुरुष प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कुविवि के क्रीड़ा अधिकारी डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया टीम का प्रशिक्षक एनपी शर्मा, लोकेश पांडे, श्वेता भाकुनी तथा लक्ष्मी को बनाया गया है। महिला टीम में डीएसबी परिसर नैनीताल की वैशाली पांडे, राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी की कामिनी, चेतना पांडे, प्रिया गोस्वामी जबकि महाविद्यालय रुद्रपुर की आस्था, काशिष शर्मा, अंजली गंगवार, गरिमा राणा, काशीपुर महाविद्यालय के मनजोत कौर वहीं पुरुष वर्ग की टीम में डीएसबी परिसर नैनीताल के आदित्य टम्टा, तेजस्वी कुमार वहीं राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी के संदीप तथा राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर के योगेश पांडे, चेतन भट्ट, पवन बिष्ट, दीपक अधिकारी, सुनील, रोहित तथा सचिन पांडे को शामिल किया गया है। इससे पूर्व टीम का प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में जिला क्रीड़ाधिकारी उधम सिंह नगर जानकी कार्की द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाडियों को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय के टीम अच्छा प्रदर्शन करके लौटेगी। इस अवसर पर दून विश्वविद्यालय देहरादून के खिलाडियों तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाडियों के मध्य अभ्यास मैचों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर रघुवीर विर्क समेत डा. राजेश कुमार, अक्षत पुंडीर तथा अमन बिष्ट थे।

# विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा नगर समेत ग्रामीण इलाकों को पेयजल आपूर्ति करने वाली कोसी बैराज से गाद की सफाई नहीं होने से क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने नाराजगी जताई है। मामले में उन्होंने विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। कहा कि कोसी बैराज का यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ सकता है। उन्होंने जल्द कोसी बैराज से गाद की सफाई नहीं होने पर सात मार्च को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि उनकी ओर से लगातार सिंचाई विभाग, जल संस्थान और जिला प्रशासन से अनुरोध किया गया था कि समय रहते कोसी बैराज से गाद की सफाई कर ली जाए। कहना है कि दिसंबर तक कोसी बैराज की सफाई करनी जरूरी है। जिससे यहां अधिक मात्रा में पानी एकत्र हो सके। निवेदन के बाद भी प्रशासन लापरवाह और उदासीन बना रहा। फरवरी का पहला



हफ्ता बीतने को है। अब तक कोसी से गाद की स्फाई नहीं हो पाई है। यही हाल रहा तो कोसी में पानी का स्तर कम हो जाएगा। इसका असर नगर की पेयजल व्यवस्था पर पड़ेगा। गर्मियों में लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ेगा। कहना है कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण कोसी में बड़ी मात्रा में गाद जमा हो गई है। जो नगर की पेयजल आपूर्ति के लिए उचित नहीं है। उन्होंने अनदेखी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सात मार्च को कोसी में धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

# नितिन के स्वागत में बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर नितिन कार्की की ताजपोशी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह नजर आया। उत्साही पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्की के स्वागत में बुधवार को तल्लीताल धर्मशाला से लेकर नैनीताल क्लब तक विशाल बाइक रैली निकाली। इस दौरान कार्की ने कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जमकर लाद दिया। बाद में नैनीताल क्लब में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी ने जो उन पर भरोसा जताया है उसे को कायम रखने का हरसंभव प्रयास करेंगे और पार्टी की मजबूती प्रदान करने वाली गतिविधियों को बढ़ावा



देंगे। इस दौरान विधायक सरिता आर्य समेत मनोज जोशी, आनंद बिष्ट, भूपेंद्र बिष्ट, हरीश राणा, विक्रम रावत, डा. मोहित रौतेला, शांति मेहरा, शुभम आर्य, आरती बिष्ट, राधा पांडे खोलिया, सोनू साह, ज्योति गोस्वामी, गजाला कमाल, ज्योति, नवीन जोशी, भानु पंत, कमलेश ढौडियाल, अरविन्द सिंह पड़ियार, रीना मेहरा, भगवत रावत, देवेंद्र नेगी, मीनू बुधलाकोटी, विकास जोशी, विक्की राठौर, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, केएल आर्य, आशीष बजाज, मोहित आर्य, संतोष कुमार, तुलसी, निखिल बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी, पूरन सिंह मेहरा, डा.दीपक मेलकानी, मीरा बिष्ट, रचित तिवारी, गोविन्द सिंह मेहरा समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का सामना कीवीयों से

■ कीवियों ने साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया, रचिन-विलियम्सन के शतक

■ लुंगी एनगिडी को तीन विकेट मिले और रबाड़ा ने भी दो विकेट चटकाए

**लाहौर, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां कीवियों का सामना भारतीय टीम से दुबई के मैदान पर 9 मार्च को होगा। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया।

न्यूजीलैंड ने 363 रन का टारगेट चेज कर रही अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। साउथ अफ्रीका से डेविड मिलर ने शतक बनाया। उन्होंने 67 बॉल पर सेंचुरी जड़ी। कप्तान टेम्बा बावुमा (56 रन) और रासी वान डर डसन (69 रन) ने अर्द्धशतक बनाए। कीवियों की ओर से रचिन रवींद्र (108 रन) और केन विलियम्सन (102 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि डेरिल मिचेल (49 रन) और ग्लेन फिलिप्स (49 रन) फिफ्टी बनाने से चूक गए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। रबाडा को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर को एक विकेट मिला।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र (108), केन विलियमसन (102) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का लक्ष्य दिया। यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए विल यंग और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। आठवें ओवर में लुंगी एन्गिडी ने विल यंग (21) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने रचिन रविंद्र के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की साझेदारी हुई। रचिन ने 32वें ओवर की पहली गेंद पर दो रन लेकर अपना पांचवां एकदिवसीय शतक बनाया। 33वें ओवर में कगिसो रबाडा ने रचिन रविंद्र को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रचिन रविंद्र ने 101 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (108) रनों की पारी खेली।



रचिन रविंद्र 108



केन विलियमसन 102



# स्टीव स्मिथ ने लिया एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास

■ टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं: स्टीव स्मिथ

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया टीम के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली हार के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई 35 वर्षीय बल्लेबाज स्मिथ ने बुधवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।

न्होंने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को संन्यास लेने के बारे में बताया था। वह 2027 के एकदिवसीय विश्वकप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कलमस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने स्मिथ के बयान को जारी किया। स्मिथ ने अपने बयान में कहा कि वनडे में उनकी बेहतरीन यात्रा रही है और मैंने खेल के हर एक क्षण भरपूर आनंद लिया है। इस यात्रा की कई सुनहरी यादों में दो विश्वकप भी शामिल हैं। अब युवा खिलाड़ियों के लिए 2027 के विश्व. कप की तैयारी करने का समय है तो मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी विदाई का सही समय है।

उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं। इसके बाद सर्दियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ और इंग्लैंड के साथ घरेलू सीरीजी है। टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने के लिए अभी मेरे अंदर बहुत क्रिकेट शेष है। स्मिथ ने 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ लेग स्पिन ऑलराउंडर के रूप में पदार्पण किया था और उन्होंने 170 एकदिवसीय मैचों में 43-28 की औसत से 5800 रन बनाए। इसके साथ ही उन्होंने 34-67 की औसत से 28 विकेट भी लिए हैं।

स्मिथ ने 2015 में लगातार पांच बार 50 से अधिक स्कोर बनाया था, इसमें सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 105 रनों की पारी भी शामिल थी। फाइनल में स्मिथ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 56 रनों की पारी खेलते हुए विजयी शॉट भी लगाया था।

● रचिन रवींद्र ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड ●

## आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके सबसे कम पारियों में किया कारनामा

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में शानदार शतक लगाया। रचिन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 108 रनों की पारी खेली। इस शतक के साथ ही उन्होंने एक ऐसा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया जो कि रोहित-विराट जैसे दिग्गजों के बस की बात भी नहीं रही। दरअसल रचिन रवींद्र आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके हैं और ये कारनामा उन्होंने सबसे कम पारियों में किया है। रचिन रवींद्र ने महज 13 पारियों में 5 शतक लगाए हैं। बड़ी बात ये है कि उनके वनडे करियर में भी पांच ही शतक हैं और ये सभी उन्होंने वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में लगाए हैं। वर्ल्ड कप 2023 में उन्होंने 3 शतक लगाए थे और अब चैंपियंस ट्रॉफी में इस बल्लेबाज ने 2 शतक ठोक दिए। 30 साल की उम्र से पहले सबसे ज्यादा आईसीसी वनडे शतक सिर्फ सचिन और रचिन ने ही बनाए हैं। दोनों ने 5-5 शतक लगाए थे।

# वरुण ने 143 गेंदबाजों को छोड़ा पीछे

● आईसीसी वनडे रैंकिंग में इतने बड़े उछाल से मचाया हड़कंप

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया के गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में देश दुनिया केएक, दो या 50 नहीं पूरे 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ा है, जो कि अपने आप में बड़ी बात है। वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है, मगर वो अपनी कामयाबी की इमारत को इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर खड़े करते दिख रहे हैं। वरुण की उसी काबिलियत का असर है कि अब उनका लोहा आईसीसी ने भी मान लिया है।

भारतीय स्पिनर ने आईसीसी की ताजा वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दुनिया के 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए हड़कंप मचा दिया है। दाएं हाथ के स्पिनर वरुण इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जहां अभी तक मिले 2 मौकों में ही उन्होंने विकेटों का अंबार लगा दिया। वरुण चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक खेले 2 मैचों में 7 विकेट लिए हैं। इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं। इसी के साथ वो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं। उनसे ज्यादा विकेट अब सिर्फ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और हमवतन मोहम्मद शमी के हैं। मगर इन दोनों ने उनसे मुकाबले ज्यादा खेले हैं। अब सवाल है कि आईसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 143 स्थान की छलांग लगाकर वरुण चक्रवर्ती पहुंचे कहां? ऐसा कर भारतीय स्पिनर ने



टॉप 100 में एंट्री ले ली है। वरुण चक्रवर्ती अब 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबाजों में टॉप के पोजीशन की बात करें तो श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 रेटिंग पाइंट के साथ पहले पायदान पर बने हैं। साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वो अब दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 3 स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबा. जों की लिस्ट में टॉप 10 में भारत से सिर्फ कुलदीप यादव हैं। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ताजा रैंकिंग में 3 स्थान गिरकर छठे नंबर पर आ गए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को चैंपियंस ट्रॉफी के प्रदर्शन का इनाम मिला है। वो आईसीसी की ताजा रैंकिंग में 3 स्थान की छलांग लगाकर 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। रवींद्र जडेजा 13वें नंबर पर बरकरार हैं। वहीं मोहम्मद सिराज 2 स्थान गिरकर 14वें नंबर पर आ गए हैं।

## मांडविया ने स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 49 सदस्यीय भारतीय दल को दी बधाई

■ तीस एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को इटली के ट्यूरिन शहर में आठ मार्च से शुरु होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में शामिल होने वाले 49 सदस्यीय भारतीय दल को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित भव्य विदाई समारोह में डा- मांडविया ने ट्यूरिन में होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे 30 एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस समारोह में विशेष ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा और स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निद. ेशक डॉ वीके महेंद्रू उपस्थित थे। इस दौरान गणमान्य लोगों ने भारतीय एथलीटों को शुभकामनाएं दीं और वैश्विक मंच पर सफलता



हासिल कर देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार होने के लिए उनका हौसला-अफजाई की। इटली में आठ मार्च से 15 मार्च तक होने वाले विशेष ओलंपिक विंटर वर्ल्ड गेम्स में भारतीय दल के 30 खिलाड़ी छह खेल विधाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में भाग लेंगे। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में इस बार 102 देशों के 1500 एथलीट आठ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। समारोह के अंत में एथलीटों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें सौभाग्य के प्रतीक के रूप में पारंपरिक हिमाचली ऊनी कपड़े भेंट की गयी।

खेल विशेष

## कुछ लोगों को हमेशा होती है शिकायत करने की आदत:गंभीर

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के एक ही पिच पर खेल कर अनुचित लाभ लेने को लेकर हो रही चर्चा के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ लोगों को हमेशा शिकायत करने की आदत होती है।

गंभीर ने पिच की परिस्थितयों के सवाल के जवाब में कहा कि यह हमारे लिए उतना ही सामान्य मैदान है, जितना किसी और टीम के लिए। हमने यहां नहीं खेला है। मुझे याद नहीं कि हम आखिरी बार यहां कब खेले थे। और सच कहूं तो हमने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। योजना यह थी कि अगर आप 15 खिलाड़ियों की टीम में दो मुख्य स्पिनर चुनते हैं, तो चाहे हम पाकिस्तान में या कहीं भी खेलते, हम दो मुख्य स्पिनर ही चुनते क्योंकि यह उपमहाद्वीप में होने वाला टूर्नामेंट था। उन्होंने कहा कि इसलिए ऐसा नहीं है कि हम स्पिनरों का जाल बिछाना चाहते थे। अगर आप देखें तो हमने पहले दो मैचों में केवल एक मुख्य स्पिनर को खिलाया। हमने इस मैच और पिछले मैच में दो मुख्य स्पिनर खिलाए। जहां तक 'अनुचित लाभ' की बात है इसके बारे में बहुत बहस हो रही है।

## रग्बी इंडिया ने किया रग्बी प्रीमियर लीग लोगो का अनावरण


**मुंबई, वार्ता।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ और जीएमआर स्पोर्ट्स ने पहले रग्बी प्रीमियर लीग के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। भारत में रग्बी के नए युग की शुरुआत हो गई है। फैंचाइजी-आधारित रग्बी 7एस लीग का शुभारंभ 2025 में होगा। इस लीग में छह शहर-आधारित टीमें भाग लेंगी। लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ और शीर्ष रग्बी खेलने वाले देशों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगे। इस अवसर पर भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने लोगो के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि रग्बी 7एस अविश्वसनीय गति, शानदार कौशल और अद्भुत शक्ति का खेल है। रग्बी प्रीमियर लीग इसे भारत में एक नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी। यह लोगो लीग की ऊर्जा, गतिशीलता और उच्च- ऑक्टेन एक्शन को दर्शाता है। जीएमआर स्पोर्ट्स के अनुभव और सभी हितधारकों के समर्थन के साथ, हम भारतीय रग्बी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए तैयार हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के मुख्य विपणन अधिकारी सुजॉय गांगुली ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग के लोगो का अनावरण भारतीय रग्बी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

# कोहली की बैटिंग के बीच सो गई अनुष्का

**दुबई, वार्ता।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल विराट कोहली ने 84 रनों की पारी से मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं।

अब उनके सोने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। भारतीय टीम के इस अहम मैच में विराट को सपोर्ट करने के लिए उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह सोती हुई दिख रही हैं। दावा किया जा रहा है कि विराट की बैटिंग देखते-देखते उन्हें नींद आ गई थी। भारत की बैटिंग के दौरान 15वें ओवर के बाद ब्रेक के समय कैमरामैन ने अनुष्का शर्मा को सोते हुए दिखाया था। कोहली इस दौरान 28 गेंद में 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इस लिहाज से देखा जाए तो वह थोड़ी धीमी बैटिंग कर रहे थे। लेकिन हम यह दावे के साथ नहीं कह सकते कि उन्हें विराट की बैटिंग की वजह से ही नींद आई थी। हालांकि, विराट की धीमी की पारी की बात करें तो इस तरह की बल्लेबाजी के पीछे भी एक बड़ी वजह थी। दरअसल, पावरप्ले में ही दो विकेट गंवाने के बाद भारतीय टीम थोड़ी दबाव में आ गई थी। तब भारत को मैच में पकड़ बनाने के लिए विकेट बचाने के साथ एक साझेदारी की जरूरत थी। अनुष्का का एक और वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें विराट जीत के बाद उनके सामने जश्न मनाते हुए दिख रहे हैं।

## टीम इंडिया ने अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया: गौतम गंभीर



**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गई है। रोहित एंड कंपनी अभी तक इस टूर्नामेंट में अजेय है। हालांकि, मुख्य कोच गौतम गंभीर को लगता है कि अभी तक उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाया है। उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में भारत से सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिलेगा। भारत ने मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया था। इस मैच में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली थी। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, श्अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।श उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में ऐसा कर पाएगी। उन्होंने कहा, श्अभी हमें एक मैच और खेलना है।

# रैंकिंग में भी चमके विराट, अय्यर को भी फायदा

■ ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष-10 में चार भारतीयों का दबदबा है, गिल पहले स्थान पर

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। वह दो स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वहीं, सेमीफाइनल मैच में कोहली के साथ 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाने वाले श्रेयस अय्यर ने भी छलांग लगाई है।

वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीयों का दबदबा है। पहले स्थान पर 791 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल मौजूद हैं। वह पिछले ह" ते बाबर आजम को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचे थे। चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा को दो पायदानों का नुकसान हुआ है, लेकिन वह शीर्ष पांच में मौजूद हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (195 रन) एक स्थान की छलांग लगाने में कामयाब हुए। विराट कोहली मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 72.33 के औसत और 83.14 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था। वहीं, अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जादरान को इंग्लैंड के खिलाफ 177 रनों की शानदार पारी खेलने का फायदा हुआ है।

वह 13 स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में शामिल हो गए। आलराउंडर्स की रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल को तगड़ा फायदा हुआ है। वह 17 स्थानों के फायदे के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष 10 में रवींद्र जडेजा के अलावा कोई मौजूद नहीं है। वह नौवें पायदान पर 213 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ बने हुए हैं। वहीं, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई दो स्थानों के फायदे के साथ शीर्ष आलराउंडर बन गए हैं। उन्हें दो स्थानों का लाभ हुआ है।





मुकद्दस रमजान 06

सुन्नी

| गुरूवार | शुक्रवार |
| --- | --- |
| अफतार | सेहरी |
| 6:22 | 5:18 |

शिया

| गुरूवार | शुक्रवार |
| --- | --- |
| अफतार | सेहरी |
| 6:27 | 5:23 |

मुकद्दस रमजानुल मुबारक

की हार्दिक शुभकामनाऐं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी

प्रदेश सचिव

कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड

पूर्व ग्राम प्रधान

मेहुंवाला माफी, देहरादून।

# मोदी के दौरे से जीएमवीएन को अपने दिन बहुरने की आस

## पीएम के दौरे से पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुखवा और हर्षिल आ रहे हैं। उत्तरकाशी जिले के ये दोनों स्थान धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं।

इस पूरे क्षेत्र में जीएमवीएन की गतिविधियां बहुत पहले से संचालित हो रही हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री के दौरे से न सिर्फ उत्तरकाशी, बल्कि अन्य जगहों पर भी जीएमवीएन की पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। जीएमवीएन के एमडी विशाल मिश्रा का कहना है कि पर्यटन गतिविधियों को निगम बखूबी संचालित कर रहा है। और बेहतर स्थिति बनने की पूरी उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड आगमन से पर्यटन क्षेत्र को सबसे ज्यादा आस है। पर्यटन की प्रमुख एजेंसी गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) भी बेहतरी की उम्मीद संजोए हुए है। पिछले पांच वर्षों में जीएमवीएन ने पर्यटन गतिविधियों को विस्तार देते हुए अपना टर्नओवर लगातार बढ़ाया है। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से स्थिति और बेहतर होगी।

**■ निगम का बढ़ रहा टर्नओवर, साहसिक स्पोर्ट्स से संभावनाएं जग रहीं**

**पिछले पांच वर्षों में निगम ने अपनी माली हालत को किया बेहतर**



**साहसिक गतिविधियों में जग रही संभावनाएं**

यूं तो जीएमवीएन की कमाई के सबसे बडे स्रोत उसके रेस्ट हाउस और कैंटीन हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों में साहसिक गतिविधियों से जुडे क्षेत्र में भी जीएमवीएन ने काफी संभावनाएं जगाई हैं। इसमे वॉटर स्पोर्ट्स और माउंटेन से संबंधित डिवीजन लगातार अच्छी प्रगति कर रहे है। पांच वर्ष पूर्व जहां माउंटेन डिवीजन व वॉटर स्पोर्ट्स से करीब 15 लाख रूपये तक की कमाई हो रही थी, वहीं इस वित्तीय वर्ष में अभी तक कमाई का आंकड़ा 75 लाख के करीब पहुंच गया हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। शीतकालीन यात्रा के लिए उनका उत्तराखंड आना सौभाग्यसूचक है। इससे निश्चित तौर पर उत्तराखंड की शीतकालीन यात्रा को तेजी मिलेगी। मैं सभी उत्तराखंडवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री जी का स्वागत करता हूं। साथ ही, उनके प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। – **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# एमएलसी शाहनवाज ने सदन में उठाया डा.अंबेडकर पार्क की दुर्दशा का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** कैलाशपुर के बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर पार्क की दुर्दशा का मुद्दा सदन में उठाते हुए सपा एमएलसी शाहनवाज खान ने इस दिशा में समुचित कदम उठाये जाने की मांग की। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्क की स्थिति सुधारने के निर्देश दिये।

सदन में एमएलसी शाहनवाज खान ने कहा कि कैलाशपुर में बनाये गये बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर पार्क के वन विभाग ने गेट बंद कर दिये है और वहां पर पकडी गई लकडियों को रखा गया है। पार्क में कोई सफाई व्यवस्था नहीं है, बेंच और अन्य सुविधाएं खराब हो गई हैं। वहां पर घास जमा पड़ा है।



शाहनवाज खान ने इस मामले में भाजपा सरकार की अनदेखी का आरोप लगाया और कहा कि पार्क की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने सदन में मांग करते हुए कि सरकार पार्क की रख-रखाव की व्यवस्था में तत्काल परिवर्तन करे ताकि पार्क का सौन्दर्यकरण बना रहे।

## लाभांवित किए जा चुके 800 किसान: मनीष

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है जिसका उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा उत्पादन में शामिल करके उनकी आय को बढ़ाना है। कुसुम योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में सोलर पंप स्थापित करने, सोलर पावर प्लांट लगाने और भूमि पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पीएम कुसुम योजना के माध्यम से किसान न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री कुसुम योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से सशक्त बनाना, किसानों की आय में वृद्धि करना और पर्यावरण को संरक्षित करना है।

## केदारनाथ रोपवे की मंजूरी पीएम के उत्तराखंड से अटूट प्रेम का नतीजा: महाराज

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के लिए अत्यंत प्रसन्नता और गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तरकाशी जनपद स्थित गंगोत्री धाम के शीतकालीन पूजा स्थल हर्षिल-मुखबा में शीतकालीन यात्रा का संदेश देने के लिए हमारे बीच पहुंच रहे हैं। अपने दौरे से पूर्व उनका केन्द्रीय कैबिनेट से प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण सोनप्रयाग से केदारनाथ और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे को मंजूरी देना उनके उत्तराखंड के प्रति अटूट प्रेम और स्नेह को प्रदर्शित करता है।

यह बात पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड को रोपवे की बड़ी सौगात देने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक क्षण है कि उनकी कैबिनेट ने नेशनल रोपवे डेवलपमेंट प्रोग्राम-पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9



किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दी है, जिसकी कुल लागत 4,081.28 करोड़ रुपये है। इससे सबसे बड़ा लाभ यह है कि मौजूदा समय में 8-9 घंटे लगने वाली यात्रा घटकर मात्र 36 मिनट रह जाएगी। केदारनाथ रोपवे से यात्रा का समय 8-9 घंटे से घटकर 36 मिनट हो जाएगा। महाराज ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का पर्वतमाला परियोजना के तहत गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दिए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

# तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी दोनों रोपवे की परियोजनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत पर्वतमाला परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किमी) तक रोपवे को मंजूरी दी है। परियोजना का डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित होगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति (पीपीएचपीडी) होगी, जो प्रतिदिन 18 हजार यात्रियों को ले जाएगी।

यह रोपवे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी क्योंकि यह पर्यावरण-अनुकूल, आरामदायक और तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और एक दिशा में यात्रा का समय लगभग 8 से 9 घंटे से घटकर लगभग 36 मिनट कर देगी।

रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पूरे वर्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराएगी। रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में लास्ट मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

वर्तमान में केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल, घोड़ा-खच्चर, पालकी और हेलीकॉप्टर से किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग तथा केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है।

केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम - पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड राज्य में गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी (12.4 किमी) तक रोपवे परियोजना के विकास को भी दी मंजूरी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक 12.4 किलोमीटर रोपवे परियोजना के निर्माण को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना का डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा, जिसकी कुल पूंजीगत लागत 2,730.13 करोड़ रुपये होगी। वर्तमान में हेमकुंड साहिब जी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल, घोड़ा-खच्चर, पालकी से किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिब जी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है और यह गोविंदघाट और हेमकुंड साहिब जी के बीच हर मौसम में अंतिम मील की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी।

रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह गोविंदघाट से घांघरिया (10.55 किमी) तक मोनो-केबल डिटैचेबल गोंडोला (एमडीजी) पर आधारित होगा, जिसे घांघरिया से हेमकुंड साहिब जी (1.85 किमी) तक सबसे उन्नत ट्राइकेबल डिटैचेबल गोंडोला (3 एस) तकनीक से जोड़ा जाएगा, इसका डिजाइन इस तरीके से तैयार किया जाएगा जिससे इसकी क्षमता प्रति घंटे प्रति दिशा 1,100 यात्री (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 11,000 यात्रियों को ले जाएगा।

रोपवे परियोजना निर्माण और परिचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करेगी। रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, तीर्थयात्रियों के लिए अंतिम मील तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और क्षेत्र के तीव्र आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हेमकुंड साहिब जी उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में 15,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित तीर्थ स्थल है। इस पवित्र स्थल पर स्थापित गुरुद्वारा मई से सितम्बर के बीच साल में लगभग 5 महीने के लिए खुला रहता है और हर साल लगभग 1.5 से 2 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

## छात्र छात्राओं को होमस्टे के बारे में कराया अवगत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लैंसडाउन।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में आयोजित देव भूमि उद्यमिता कार्यक्रम के सातवें दिन नोडल प्रभारी डॉ विक्रम सिंह ने छात्रों को उद्यमिता विशेषज्ञ हिमांशु बार्थवाल और राहुल से परिचित कराया। इन विशेषज्ञों के पास आतिथ्य और सेवा क्षेत्र में व्यापक अनुभव है, जिससे छात्रों को उद्यमिता के नए आयामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान हिमांशु बार्थवाल ने होमस्टे विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने उत्तराखंड में आतिथ्य क्षेत्र में मौजूद अवसरों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य सरकार उद्यमिता शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और सब्सिडी प्रदान कर रही है। उन्होंने होमस्टे से संबंधित विभिन्न योजनाओं और तस्वीरों के माध्यम से इसके महत्व को समझाया। बार्थवाल ने होमस्टे के कमरों को सजाने के लिए ऐपर्ण आर्ट के महत्व पर जोर दिया और सुझाव दिया कि होमस्टे को गूगल मैप पर रजिस्टर करना चाहिए, ताकि इसे वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके। उन्होंने होमस्टे के लिए मूलभूत आवश्यकताएं भी साझा कीं, जिनमें बताया कि होमस्टे मालिक के घर से जुड़ा होना चाहिए। कमरा अच्छा और पारंपरिक रूप से सजाया गया होना चाहिए। होमस्टे में अधिकतम 6 कमरे होने चाहिए और एक समय में 12 लोगों तक की क्षमता होनी चाहिए।

# केदारनाथ और हेमकुंड रोप वे की मंजूरी पीएम के दौरे से पहले बड़ी सौगात: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा ने केंद्रीय कैबिनेट में केदारनाथ और हेमकुंड रोप वे की मंजूरी पर खुशी जताते हुए इसे पीएम दौरे की बड़ी अग्रिम सौगात बताया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भक्तों की भगवान से दूरी कम करने वाले इन परियोजनाओं के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। वहीं इसे स्थानीय पर्यटन व्यवसायियों के लिए स्वर्णिम युग लाने वाला बताया।

भट्ट ने पीएम के दौरे के लिए उत्तरकाशी रवाना होने के दौरान केंद्र से आई इस सूचना को इन पावन धामों की तस्वीर बदलने वाला बताया। उन्होंने कहा कि 2014 में पीएम बनने के बाद से केंद्र सरकार ने देवभूमि में अनेक ऐतिहासिक विकास के कार्य किए हैं। जिसमें श्री बद्रीनाथ श्री केदारनाथ धाम में हो रहे पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण के प्रोजेक्ट ने वहां की भव्यता और दिव्यता को अधिक अलौकिक बनाया।



इसी तरह ऑल वेदर रोड समेत अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से अभूतपूर्व सुधार हुए, जिससे चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या नित नए रिकार्ड बना रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी जी ने श्री केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की कठिन पैदल यात्रा में श्रद्धालुओं को होने वाली तकलीफों का अहसास किया। यही वजह है कि उन्होंने पर्वतमाला योजना में दोनों स्थानों में रोपवे प्रोजेक्ट निर्माण की घोषणा की थी। इसके बाद प्रोजेक्ट से जुड़े तमाम सर्वे और भौतिक रिपोर्टों को पूरा किया गया और अब जब पीएम मोदी आ रहे हैं तो उनके संज्ञान में जनता से किया यह वादा याद रहा।

उन्होंने कहा कि जब भी पीएम देव भूमि आते हैं, तब कोई न कोई सौगात देकर जाते हैं, लेकिन इस बार मोदी ने आने से पहले ही इसकी घोषणा कर देवभूमिवासियों का फिर से दिल जीत लिया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से दोनों पावन स्थलों की दूरी घंटों से मिनटों में बदलने वाली है। लिहाजा हम कह सकते हम कि उनकी कैबिनेट की इस एक मंजूरी से भक्तों की अपने भगवान से दूरी कम करने वाली है। ये दोनों प्रोजेक्ट श्रद्धालुओं की सुगमता के साथ स्थानीय पर्यटन व्यवसाय के लिए स्वर्णिम युग लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि, डबल इंजन सरकार की इस डबल सौगात के लिए प्रत्येक देवभूमिवासी प्रधानमंत्री का सदैव ऋणी रहेगा।

## करोड़ों के बजट पर जताई सहमति


**नानौता।** चीनी मिल में डीएम की अध्यक्षता में नवनिर्माण के लिए करोड़ों रुपए के बजट पर सहमति जताई गई तथा किसान हितों तथा मिल में भंडारण क्षमता बढ़ाने पर विचार विमर्श किया। बैठक में मुख्य रूप से किसानों द्वारा लाए जा रहे गन्ना वाहनो को हो रही असुविधा के लिए केन यार्ड में दो ट्राली लाइन तथा एक हिच बुग्गी लाइन के लिए सीसी रोड का निर्माण कांटा संख्या 1 व 2 पर आर सीसी फर्श निर्माण तथा चीनी गौदाम संख्या 11 से बायलर संख्या 4 व 5 हेतु बने ऐश पोड़ पर आर सी सी सड़क निर्माण कार्य जिससे किसानों को लाभ होगा तथा चीनी भंडारण के लिए एक लाख कुतंल का गौदाम बनाने आदि कार्यों पर सहमति बनी। इस अवसर पर उपसभापति रविन्द्र पुंडीर, सचिव जय प्रकाश, संचालक विनोद कुमार, सुमन, अरविंदर सिंह, नवाब सिंह, अरूण कुमार, संजयवीर राणा, दल सिंह, प्रदीप राणा, जयपाल सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# रोपवे परियोजना से आसान होगा केदारनाथ और हेमकुंड साहिब का सफर: डा. अग्रवाल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में केदारनाथ तथा हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना को मंजूरी मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उत्तराखंड दौरे से पूर्व एक बार पुन: उत्तराखंड को सौगात दी है।

कैबिनेट मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम की पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। जिसकी लागत लगभग 4,081.28 करोड़ रुपये हैं, जबकि लगभग 2730 करोड़ रूपये की लागत से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दी है।



डॉ अग्रवाल ने कहा कि केदारनाथ में दुर्गम रास्ते और चढ़ाई की वजह से श्रद्धालुओं को आवागमन में दिक्कतें आती थी। कहा कि चढ़ाई के कारण श्रद्धालुओं को केदारनाथ पहुंचने में 7 से 8 घंटे लगते थे। मगर, अब श्रद्धालु बिना चढ़ाई चढ़े केदारनाथ तक पहुंच सकेंगे। साथ ही कुछ ही घंटों में सफर भी गुजर जाएगा।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि हेंमकुड साहिब का सफर तीन दिन के बजाए कुछ घंटों का ही रह जाएगा। इस तरह हर उम्र के लोग आसानी से केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि रोपवे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक वरदान होगी। यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ ही आरामदायक और तेज कनेक्टिविटी देगी। इससे समय की काफी बचत होगी। इससे राज्य की आर्थिकी को बढ़ावा मिलेगा।

**■ कैबिनेट मंत्री ने केदारनाथ तथा हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंजूरी मिलने पर जताया प्रधानमंत्री मोदी का आभार, कहा – हर उम्र के लोग आसानी कर सकेंगे दर्शन**

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने किया अहमदाबाद के चिकित्सा संस्थानों का भ्रमण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**अहमदाबाद/देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने गुजरात भ्रमण के दौरान आज अहमदाबाद में यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर तथा बी.जे. मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। जहां उन्होंने चिकित्सा संस्थानों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर शैक्षणिक, प्रशासनिक व स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर की मदद से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में बाल हृदय रोगियों के उपचार के लिये विशेष व्यवस्था की जायेगी।

अहमदाबाद के राजकीय प्रवास के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को प्रतिष्ठित यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर का भ्रमण किया। जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ



बैठक कर संस्थान के चिकित्सकीय एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने पावर प्वांइट प्रस्तुति के माध्यम से हृदय रोग देखभाल, उपचार सेवाओं और नवीनतम चिकित्सा प्रणालियों के बारे में जानकारी दी।

डॉ. रावत ने बताया पीडियाट्रिक कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम के उपचार में यह चिकित्सा संस्थान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। जहां प्रत्येक वर्ष विभिन्न देशों से सैकड़ों हृदय रोगी उपचार के लिये आते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भी इसी स्तर की बाल हृदय चिकित्सा सुविधाएं विकसित की जायेंगी, जिससे नवजातों में हृदय रोग की समय पर पहचान और उपचार संभव हो सके। इसके लिये यू.एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर की मदद से एक ठोस कार्ययोजना बनाकर उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भी बाल हृदय रोगियों के उपचार की व्यवस्था की जायेगी।

डॉ. रावत ने इसके उपरांत बी.जे. मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। जहां उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों, मेडिकल स्टॉफ और छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर कॉलेज की शिक्षा प्रणाली, स्वास्थ्य सुविधाएं और चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सिविल अस्पताल का भी दौरा किया और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अस्पताल भ्रमण के दौरान डॉ. रावत ने मरीजों व उनके तीमारदारों से मिलकर उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली। डॉ. रावत ने बताया कि अहमदाबाद का सिविल अस्पताल अंग दान के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी है और यहां चिकित्सा सेवाएं अत्यधिक उन्नत है।

# मदरसों की सीलिंग के खिलापफ कोर्ट जाएगी जमीअत

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून जिले में जिला प्रशासन की और से बिना किसी पूर्व सूचना एवं वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए अनेक मदरसों एवं मकतबों को सील कर दिया गया। यह कार्यवाही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो अल्पसंख्यकों को अपनी भाषा, संस्कृति और धर्म के अनुरूप शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने एवं संचालित करने का मौलिक अधिकार प्रदान करता है।

यह बात बुधवार को जमीअत के प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी ने मदरसा दार-ए-अरकम में आयोजित एक बैठक के दौरान कही।

उन्होने कहा कि जमीअत उलेमा-ए-हिंद की ओर से, इस कार्यवाही को अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षिक एवं धार्मिक अधिकारों का हनन मानते हुए इसका कड़ा विरोध करते हैं। इस कार्रवाई के कारण कई विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित हुई है, जिससे उनके भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही, यह धार्मिक स्वतंत्रता एवं शिक्षा के अधिकार का भी हनन है, जिसे भारतीय संविधान द्वारा संरक्षण प्राप्त है। उन्होने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिख कहा कि सील किए गए सभी मदरसों एवं मकतबों को अविलंब पुन: खोला जाए ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित न हो। इस मनमानी कार्यवाही की उच्च स्तरीय जाँच करवाई जाए और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। भविष्य में ऐसे किसी भी निर्णय से पहले संबंधित संस्थानों को कानूनी रूप से उचित नोटिस दिया जाए तथा उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर दिया जाए। अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के अधिकारों की रक्षा को राज्य सरकार आवश्यक कदम उठाए ताकि संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों का सम्मान हो। आपसे आग्रह करते हैं कि इस विषय पर तत्काल संज्ञान लें और न्यायसंगत कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे राज्य में संवैधानिक मूल्यों एवं सामाजिक सौहार्द की रक्षा हो सके। इसके अलावा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को भी पत्र लिखा गया है।

बैठक में हरिद्वार के जिला अध्यक्ष मौलना अब्दुल वहीद, प्रदेश सचिव खुर्शीद अहमद, प्रदेश मीडिया प्रभारी मौहम्मद शाह नजर, महासचिव हाफिज आबिद, नगर अध्यक्ष मुफ्ति अयाज अहमद जामई, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, कारी शकील अहमद, मुफ्ति हिफजान कासमी, मौलाना रागिब, कारी आरिफ, मौलाना दाउद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**■ सीएम को पत्र लिख उच्च-स्तरीय न्यायिक जाँच की उठाई मांग राष्ट्रीय मानवाधिकार व अल्पसंख्यक आयोग से भी लगाई गुहार प्रदेश महासचिव ने कागजात दुरूस्त करने को कहा**

## बेनीवाल बने बसपा के नेशनल कोर्डिनेटर

**सहारनपुर।** कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी, समर्पित भावना और संगठन को मजबूती देने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले जनपद निवासी एवं विभिन्न राज्यों के प्रभारी रणधीर बेनीवाल को बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंप दी है। उनके साथ राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम को भी नेशनल कोऑर्डिनेटर का दायित्व सौंपा गया है। दोनों नेशनल कोऑर्डिनेटर सुश्री मायावती के दिशा निर्देशन में पूरे देश में संगठन का काम देखेंगे पार्टी सुप्रीमो सुश्री मायावती ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। नगर पालिका के सभासद पद से बसपा में राजनीतिक जीवन की शुरुआत जेजे पुरम निवासी रणधीर बेनीवाल की पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनैतिक रही है। मूल रूप से कस्बा नकुड के गांव लुण्डी में जन्मे रणधीर बेनीवाल के पिता फूलसिंह भी अपने गांव में वर्षों प्रधान रहे हैं और वर्ष 1990 में रणधीर बेनीवाल सहारनपुर आ गए थे।

# टैरिफ से फायदा या नुकयान

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आने वाले प्रोडक्ट पर हाई टैरिफ लगाने की घोषणा ने दुनिया भर के बाजारों में हलचल मचा दी है। इससे भारत को नुकसान होगा या फायदा हो सकता है, इसके लिए भारत को हर हाल में तैयार रहना होगा। क्या यह फैसला भारत के लिए गोल्डन चांस भी साबित हो सकता है, अगर इस पर नजर दौड़ाई जाए, तो अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आयात पर उच्च टैरिफ (शुल्क) लगाने से भारतीय निर्यातकों को नए अवसर मिलने की संभावना है। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने चीन पर टैरिफ बढ़ाया था, तब भारत उन चार शीर्ष देशों में शामिल था, जिन्हें इसका सीधा फायदा हुआ था। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो यह अमेरिका के साथ बेहतर व्यापार समझौता यानी ट्रेड डील हासिल कर सकता है और यूएस मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत बना सकता है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध भारत के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। इससे न सिर्फ भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करने के लिए आकर्षित हो सकती हैं। इसके अलावा, चीन पर लगाए गए उच्च टैरिफ से भारत को अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को और मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। अमेरिकी बाजार में चीन, मैक्सिको और कनाडा के प्रोडक्ट महंगे होने से भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए नए मौके बन सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत और चीन से आयात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे इन देशों से अमेरिका को होने वाला निर्यात महंगा हो जाएगा, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता घटेगी। इसका सीधा फायदा भारत को मिल सकता है, क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट्स इसकी तुलना में सस्ते होंगे और अमेरिकी बाजार में अपनी जगह मजबूत कर सकते हैं। खासतौर पर इन सेक्टर्स को सबसे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है। ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत और चीन के लिए रिसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कही है, लेकिन अगर भारत एक फेवरएबल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल कर लेता है, तो यह अमे. रिका में अपने व्यापार का दायरा बढ़ा सकता है। यदि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होता है, तो अमेरिकी कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगा सकती हैं। इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। चीन, मैक्सिको और कनाडा के महंगे सामान के मुकाबले भारतीय प्रोडक्ट कम कीमत और अच्छी क्वालिटी के कारण ज्यादा बिक सकते हैं। लेकिन घरेलू भारत को अपने घरेलू उद्योगों और किसानों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारत के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। यदि भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल करता है और अपने एक्सपोर्ट सेक्टर को मजबूत करता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। हालांकि, भारत को सही रणनीति अपनाने और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

## भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा



**उत्तर** प्रदेश में सत्तारुढ़ भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है, योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है, सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है, इनका काम ही नाम बदलना है, इन्हे महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है,अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है, सम्भल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी।

**शिवपाल सिंह**
**महासचिव, समाजवादी पार्टी**

# त्रिभाषा नीति के पालन में आने वाली चुनौतियां





प्रियंका सौरभ

> भारत में भाषा शिक्षा को लेकर चर्चा अभी भी जारी है, तमिलनाडु में तीन-भाषा नीति के प्रति कड़ा विरोध भाषाई पहचान और केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण चिंताओं को उजागर करता है, वास्तविक शैक्षिक सुधार के लिए भाषा शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना आवश्यक है न कि केवल नीतिगत ढांचों पर ध्यान केंद्रित करना, केंद्र और राज्य के बीच सकारात्मक बातचीत और व्यावहारिक समझौता ही आगे का सबसे अच्छा रास्ता है, आपातकाल के दौरान शिक्षा को समवर्ती सूची में डाल दिया गया, जिसका अर्थ है कि यह एक संयुक्त जिम्मेदारी है

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाने और भाषाई विविधता की सुरक्षा के उद्देश्य से त्रि-भाषा ढांचा प्रस्तुत करती है। आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं और बोलियों की समृद्ध विविधता के साथ, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन हासिल करना काफ़ी चुनौतीपूर्ण है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों की चिंताएँ कथित भाषाई प्रभुत्व से सम्बंधित मुद्दों और इस नीति को कार्यान्वित करने में व्यावहारिक कठिनाइयों पर ज़ोर देती हैं। त्रि-भाषा नीति का लक्ष्य बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और भारत का भाषाई परिकृश्य समृद्ध होगा। उदाहरण के लिए, उत्तर भारतीय स्कूलों में तमिल पढ़ाने से सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिल सकता है और क्षेत्रीय अंतर को पाटने में मदद मिल सकती है। बहुभाषिकता को अपनाने से न केवल संज्ञानात्मक क्षमताएं, समस्या समाधान कौशल और रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि समग्र शैक्षणिक सफलता भी बढ़ती है।

अनेक भाषाओं, विशेषकर क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता से सरकारी नौकरियों, अनुवाद और पर्यटन में विभिन्न कैरियर के रास्ते खुलते हैं। इसके अलावा, कूटनीति और बहुराष्ट्रीय निगमों में पदों के लिए बहुभाषी कौशल अक्सर आवश्यक होते हैं। नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि सीखी जाने वाली कम से कम दो भाषाएं भारत की मूल भाषाएं हों, जिससे देश की भाषाई विरासत और साहित्य का संरक्षण हो सके। भारत की शास्त्रीय और क्षेत्रीय भाषाई परंपराओं को बनाए रखने के लिए संस्कृत, बंगाली, तेलुगु और मराठी जैसी भाषाओं का प्रचार-प्रसार अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हालांकि, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य इस नीति को हिन्दी को धीरे-धीरे थोपने की नीति के रूप में देखते हैं। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्रीकृत भाषा सीखने की नीति लागू करना संघीय सिद्धांतों के लिए चुनौतियां उत्पन्न करता है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी 2020 की तीन-भाषा आवश्यकता का पालन नहीं करने का विकल्प चुना है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्त पोषण में देरी हो रही है।






इसके अतिरिक्त, कई राज्यों को इन अतिरिक्त भाषाओं के लिए योग्य शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों में कार्यान्वयन जटिल हो रहा है। उदाहरण के लिए, ओडिशा और केरल के स्कूलों को सीमित उपलब्धता के कारण हिन्दी शिक्षकों को ढूंढने में संघर्ष करना पड़ रहा है। अतिरिक्त भाषा पाठ्‍क्रम शुरू करने से भी छात्रों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे गणित जैसे आवश्यक विषयों में उनकी दक्षता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्रीय दलों का प्रतिरोध भाषा नीतियों को अपनाने में महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में राजनीतिक समूह अक्सर इन नीतियों को अपने स्थानीय शासन में घुसपैठ के रूप में देखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विरोध होता है। कई ग्रामीण छात्रों को दूसरी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे तीसरी भाषा सीखने की प्रक्रिया जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण बिहार में 40 प्रतिशत छात्रों को अंग्रेज़ी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे उनकी अन्य भाषाएँ सीखने की क्षमता में बाधा आती है। राज्य हिन्दी की अपेक्षा अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हैं, जिससे केंद्रीय नीतियों के साथ उनका सम्बंध टूट जाता है। पश्चिम बंगाल में बंगाली-अंग्रेजी शिक्षा पर अधिक ज़ोर दिया जाता है तथा अनिवार्य हिन्दी शिक्षा को अस्वीकार कर दिया जाता है। सरकारी स्कूलों में, विशेषकर आर्थिक रूप से वंचित राज्यों में, अक्सर भाषा शिक्षकों, संसाधनों और डिजिटल भाषा प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक धन की कमी होती है। पूर्वोत्तर भारत में तीसरी भाषा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की कमी से प्रभावी नीति कार्यान्वयन में बाधा आती है। राज्यों के लिए एक मानकीकृत त्रि-भाषा नीति का पालन करने की बजाय अपनी क्षेत्रीय भाषा चुनने की स्वतंत्रता होना अधिक लाभदायक होगा। उदाहरण के लिए, कर्नाटक सरकार हिन्दी लागू करने के बजाय कन्नड़, अंग्रेज़ी और विद्यार्थी की पसंद की भाषा पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना, ई-लर्निंग संसाधनों का विकास करना, तथा भाषा अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना स्थिति में काफ़ी सुधार ला सकता है।

आंध्र प्रदेश में डिजिटल भाषा प्रयोगशालाएं पहले से ही प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्थानीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देने में प्रगति कर रही हैं। छात्रवृत्ति, कैरियर प्रोत्साहन और व्यावहारिक भाषा प्रशिक्षण की पेशकश से छात्रों को स्वेच्छा से अतिरिक्त भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यूजीसी संस्कृत, पाली और फारसी में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जिससे भाषाई विविधता को बनाए रखने में मदद मिलती है। केंद्र सरकार को भाषा नीति पर चर्चा में राज्यों को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। संयुक्त शिक्षा समिति की स्थापना से राज्यों को कार्यान्वयन प्रक्रिया में अधिक आवाज़ मिल सकेगी। मूल समस्या, शिक्षा में भाषा मानक और शिक्षण गुणवत्ता में गिरावट। कोचिंग सेंटरों ने विज्ञान और गणित में बढ़त ले ली है, तथा भाषा शिक्षा को पीछे छोड़ दिया है। यद्यपि कई सरकारी स्कूलों में अंग्रेज़ी एक अनिवार्य विषय बन गया है, फिर भी प्रवीणता का स्तर निराशा. जनक रूप से निम्न बना हुआ है।

शिक्षकों का सीमित अंग्रेज़ी कौशल सीधे तौर पर छात्रों की पढ़ाई पर प्रभाव डालता है, जैसा कि आंध्र प्रदेश में अंग्रेज़ी माध्यम की शिक्षा की ओर बदलाव से स्पष्ट है। हिन्दी के लिए भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है, इस भाषा में शिक्षण स्तर का भी उतना ही अभाव है। हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को अक्सर सक्रिय शिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण के बजाय मात्र सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, पढ़ने की आदतों में गिरावट भाषा शिक्षा के क्षेत्र में अधिक महत्त्वपूर्ण चुनौतियों की ओर इशारा करती है। स्कूलों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है, जिससे अंततः दीर्घकालिक भाषा कौशल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारत की विविधता में एकता बनाए रखने के लिए एक समेकित भाषाई ढांचा तैयार करना आवश्यक है। भाषा के चयन में लचीलापन प्रदान करना, शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ाना, तथा क्षेत्रीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देना कार्यान्वयन सम्बंधी बाधाओं को दूर करने में सहायक हो सकता है। अनुवाद और डिजिटल शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग भाषाई विभाजन को प्रभावी ढंग से पाट सकता है।

# रोजाना सुबह 2 भीगे हुए अंजीर खाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे

अंजीर को अंग्रेजी में फिग कहते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर फल है। इसके सेवन से हमारे शरीर में कई फायदे होते हैं। अंजीर में कई मुख्य पोषक तत्व होते हैं। इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, अंजीर में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, आयरन, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन एल जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो शरीर को हेल्दी रखता है। भिगोकर अंजीर के सेवन करने से बॉडी को मिलते ये फायदे।

### डायबिटीज नियंत्रित रखना

अंजीर का सेवन करने से डायबिटीज को कंट्रोल करने में काफी मदद मिलती है। रात के समय 3-4 अंजीर भिगोकर रख दें, इसके बाद रोजाना सुबह इसके सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है।

### हीमोग्लोबिन बढ़ता है

अंजीर एक अमृत फल है इसमें कई सारे पोषक तत्व पाएं जाते है। अंजीर में आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व होते हैं। रोजाना खाली पेट भीगे हुए अंजीर खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। अंजीर को आप दूध के साथ भी खा सकते हैं।

### कैंसर से लड़ता है

अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स होता है जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। प्रतिदिन सुबह भीगे हुए अंजीर के सेवन से खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है।



### हड्डियां मजबूत होती हैं

अंजीर में कैल्शियम, पौटेशियम और मैग्नीशियम होता है जो हड्डियों को मजबूत करता है और सूजन को भी कम करता है। भीगे हुए अंजीर खाने से आपकी हड्डियां मजबूत बनेंगी।

### पाचन तंत्र बेहतर होता है

अगर आप रोजाना भीगे हुए अंजीर का सेवन करते हैं तो पाचन संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। इसका सेवन करने से आंतों को पोषण मिलता है। क्योंकि इसमें घुलनशील फाइबर से भरपूर अंजीर पेट को साफ करता है और बॉडी को हेल्दी रखता है। आंतों की सेहत को दुरुस्त करने में अंजीर बेहद फायदेमंद होता है। कब्ज से राहत पाने के लिए खाली पेट 2 से 3 सूखे अंजीर का सेवन करें।

> अंजीर के सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं, अंजीर स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए जाना जाता है इस लेख में हम आपको बजाएंगे अंजीर खाने के फायदे क्या होते हैं, इसे आहार में शामिल करना काफी जरूरी है

***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

## रेस्पिरेस्टरी इश्यूज में लाभकारी माना जाता है तुलसी का सेवन

वैसे तो हम सभी के घर में तुलसी का पौधा होता है। वहीं तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है और हर कोई इसको इस्तेमाल करता है। वैसे तो लोग हर मौसम में तुलसी का सेवन करते हैं, लेकिन ठंड के मौसम में इसका इस्तेमाल विशेष रूप से किया जाता है। क्योंकि ठंड के मौसम में जिद्दी खांसी से लेकर कंजेशन जैसी कई तरह की सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रेस्पिरेटरी हेल्थ इश्यूज को दूर करने में तुलसी बहुत कारगर मानी जाती है।

संक्रमण से लड़ने से लेकर बलगम को साफ करने तक में तुलसी कई तरह से लाभकारी मानी गई है। तुलसी में एंटी-ऑक्सिडेंट, एसेंशियल ऑयल और कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं। जो रेस्पिरेटरी सिस्टम को बेहतर रखते हैं। ऐसे में आप तुलसी को अपनी डाइट में कई तरीके से शामिल कर सकते हैं। इससे आपको काफी आराम मिल सकता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रेस्पिरेटरी इश्यूज को दूर करने में तुलसी किस तरह से फायदेमंद हो सकती है।

# वन्यजीव संरक्षण: परिस्थितिकीय तंत्र का बनाए रखना जरूरी



योगेश कुमार गोयल

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है।

वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती



### विलुप्ति की ओर बढ़ते वन्यजीव

पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंत. ुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरुद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया।

> लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं

# केमिकल रंगों से रहें दूर, होली के लिए फूलों से बनाएं 5 हर्बल रंग

### कलर के साथ चेहरा भी खिलेगा



होली हर्षोल्लास, रंग और जश्न का फेस्टिवल है। इस त्योहार के दौरान मौज-मस्ती और स्वादिष्ट व्यंजन खाते हैं। होली के दिन एक-दूसरे को प्यार से रंग लगाकर सारे गिले-शिकवे भुलाकर इस पर्व को जश्न मनाते हैं। अगर आप भी इस बार सुरक्षित और केमिकल फ्री वाली होली मनाना चाहते हैं, तो आप मार्केट में मिलने वाले नकली और केमिकल रंगों की जगह घर पर ही फूलों से प्राकृतिक रंग बना सकते हैं। ऑर्गेनिक गुलाल बनाना बेहद ही आसान है।

### होली पर फलों से बनाएं गुलाल...

1. **पीला रंग:-** आपके घर में या फिर नर्सरी में फूलों का बहार जरुर होगी। आपके घर में गेंदे के फूलों का इस्तेमाल करके पीला रंग बना सकते हैं। पीला रंग बनाने के लिए पानी में थोड़ी सी हल्दी डालकर गेंदे के फूल को उबा लें। होली खेलने के लिए आपका पीला रंग तैयार है।
2. **नीला रंग:-** नीला रंग बनाने के लिए आप अपराजिता के फूलों का यूज कर सकते हैं। इसके लिए अपराजिता के फूल को 3 से 4 दिन पहले धूप में सुखा लें और इसका पाउडर बना लें। इस पाउडर को पानी में घोलकर होली के लिए नीला रंग बना सकते हैं।
3. **गुलाबी रंग का गुलाल:-** गुलाबी रंग बनाने के लिए आपको गुलाब के फूलों को पानी में उबालकर उनसे गुलाबी रंग तैयार कर लें। इस रंग को बनाने के लिए उसमें अरारोट मिलाएं। जब यह सूख जाएगा, तो गुलाबी रंग का गुलाल तैयार होगा।
4. **केसरिया रंग:-** होली के लिए पलाश और गेंदे के फूल से आप केसरिया रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आपको 100 ग्राम पलाश के सूखे फूल एक बाल्टी में पानी उबालकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को छानकर अलग कर दें। केसरिया रंग बनकर तैयार है।
5. **लाल रंग का गुलाल** होली के लिए आप बुरांस और गुड़हल के फूलों से लाल रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आप बुरांस और गुड़हल के सूखे फूलों को पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को आप गुलाल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप पानी वाला रंग बनाना चाहते हैं, तो इस रंग को पानी में मिलाकर हर्बल रंग तैयार हो जाएगा।



# चीन ने दी ट्रम्प को खुली चुनौती

## अमेरिका युद्ध चाहता है, तो अंत तक लड़ेंगे

- कहा: फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है
- मेक्सिको-कनाडा के माल पर अमेरिकी शुल्क संबंधों के लिए निराशाजनक: मेक्सिको

**वाशिंगटन/बीजिंग/मेक्सिको सिटी।** चीन ने कहा है कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई अन्य प्रकार का युद्ध हो, वह अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में चीन के दूतावास ने अमेरिका की ओर से विश्व के कई देशों पर आयात टैरिफ बढ़ाने के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आयात पर टैरिफ बढ़ाए जाने के संदर्भ में अमेरिका के निर्णय की आलोचना की थी। प्रवक्ता ने अपने ट्वीट में कहा, फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है। अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूरी तरह से वैध और अपरिहार्य है। उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका में फेंटानिल संकट के लिए कोई और नहीं, बल्कि स्वयं अमेरिका जिम्मेदार है। इसी बीच मेक्सिको की कंपनियों के एक बड़े संगठन (कोपरमेक्स) ने अमेरिका की ओर से मेक्सिको और कनाडा के माल पर 25 प्रतिशत आयात-शुल्क लगाने के निर्णय को उसके साथ संबंधों की दृष्टि से निराशाजनक बताया है। कोपरमेक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम उत्तरी अमेरिका के तीन देशों, अमेरिका-मेक्सिको- कनाडा के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (यूएसएमसीए) के सिद्धांतों के खिलाफ है। मेक्सिको की कंपनियों के इस संगठन ने कहा कि अमेरिका की इस कार्रवाई से उसके साथ व्यापार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है और इसका असर मेक्सिको की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कोपरमेक्स को डर है कि अमेरिकी बाजार में मेक्सिको का निर्यात प्रभावित होने पर मेक्सिको में मंदी पैदा हो सकती है और अमे. रिकी डालर के मुकाबले उसकी मुद्रा पेसो की विनिमय दर गिर सकती है तथा कंपनियों की उत्पादन लागत भी बढ़ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको को विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। गौरतलब है कि फरवरी में, ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद इन दोनों देशों के खिलाफ शुल्क लगाने का निर्णय एक महीने के लिए स्थगित कर दिया था। ट्रम्प ने अब कहा है कि इन देनों देशों के खिलाफ अमेरिका की प्रशुल्क योजना पहले की घोषणा के अनुसार लागू होंगे, क्योंकि इन देनों ने कोई अनुकूल कदम नहीं उठाया है।

## ट्रम्प को मिला जेलेंस्की का पत्र, कहा: यूक्रेन फिर से वार्ता को तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से एक पत्र मिला है, जिसमें स्थाई शांति प्राप्त करने के लिए वार्ता में फिर से शामिल होने के लिए यूक्रेन की तत्परता व्यक्त की गई है। ट्रंप ने कांग्रेस में अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज पहले, मुझे यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से एक महत्वपूर्ण पत्र मिला। पत्र में लिखा है, यूक्रेन स्थाई शांति लाने के लिए जितनी जल्दी हो सके बातचीत की मेज पर आने के लिए तैयार है। यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई शांति नही चाहता मेरी टीम और मैं स्थाई शांति पाने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के मजबूत नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं। ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन की मदद के लिए वाशिगटन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। ट्रंप ने पत्र का हवाला देते हुए कहा, खनिज और सुरक्षा पर समझौते के संबंध में यूक्रेन आपके लिए सुविधाजनक किसी भी समय इस पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। मैं सराहना करता हूं कि उन्होंने यह पत्र भेजा। अभी कुछ देर पहले ही मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उन्होंने रूस के साथ गंभीर चर्चा की है।

# हूती का दावा: अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया

**अदन, यमन/रामल्लाह।** यमन के हूती विद्रोहियों की सेना ने घोषणा की कि उन्होंने लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 टोही ड्रोन को सफलतापूर्वक रोक दिया है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि होदेइदाह प्रांत में यमनी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने और शत्रुतापूर्ण अभियान चलानेह के दौरान ड्रोन को मार गिराया गया। सरिया ने कहा कि यह हूती बलों द्वारा वादा किए गए मुक्ति और पवित्र जिहाद की चल रही लड़ाई के दौरान निष्क्रिय किया गया यह 15वां विमान है, जिसे वे गाजा और लेबनान का समर्थन करने वाला अभियान बताते हैं। हूती दावे के संबंध में अमेरिकी सैन्य या राजनयिक स्रोतों से तत्काल कोई टिप्पणी उपलब्ध नहीं है। राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती समूह ने पहले इज़रायल और हमास के बीच संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनियों के समर्थन के रूप में लाल सागर में इज़रायल से जुड़े जहाजों को लक्षित किया है। वहीं इजरायली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन के पूर्वी इलाके में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान के दौरान एक वरिष्ठ क़सम ब्रिगेड कमांडर और एक अन्य फ़लस्तीनी को मार डाला। फ़लस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़े सुदृढीकरण द्वारा समर्थित इज़रायली बलों ने जेनिन के पूर्वी पड़ोस में कई आवासीय इमारतों को घेर लिया। जिसके बाद वहां हिसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप आयसर अल-सादी और एक अन्य युवक की मौत हो गई। हमास ने आयसर की मौत पर शोक व्यक्त किया और इज़रायल पर जमीन पर प्रतिरोध का सामना करने में विफल रहने के बाद हत्याओं का सहारा लेने का आरोप लगाया। एक बयान में इजरायली सेना ने आयसर की हत्या की पुष्टि की और आरोप लगाया कि वह इजरायली ठिकानों के खिलाफ हमलों की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार था। बयान में यह भी दावा किया गया कि मारा गया दूसरा फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायली बलों के लिए खतरा था। सेना ने इस बात पर जोर दिया कि जेनिन में आतंकवादी तत्वों के रूप में वर्णित लोगों को पकड़ने के लिए सैन्य अभियान जारी रहेगा।

## संरा दूत ने सीरिया में इज़रायल की सैन्य वृद्धि की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र विशेष दूत ने सीरिया में हवाई हमलों सहित इजरायल की सैन्य वृद्धि की कड़ी निंदा करने के साथ ही उल्लंघनों को रो. कने और संघर्ष को तेज करने से परहेज करने का आह्वान किया। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडर्सन ने एक बयान में चेतावनी दी। पहले से ही नाजुक स्थिति को अस्थिर करने, क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाने और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के प्रमुख सिद्धांतों के अनुरूप तनाव कम करने और स्थाई राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में प्रयासों को कमजोर करने का जोखिम है।

## ढाका जाने वाली कतर फ्लाइट की आपात लैंडिंग




**हैदराबाद।** दोहा से ढाका जा रहे कतर एयरवेज के विमान को बुधवार तड़के हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर आपातकालीन लैंडिग करनी पड़ी, क्योंकि विमान में एक महिला यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई थी। हवाई अड्डा अधिकारियों के अनुसार, दोहा से बंगलादेश के ढाका जाने वाली उड़ान संख्या क्यूआर 642 में सवार एक महिला यात्री ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद पायलट ने आपातकालीन लैंडिग की मांग की। संबंधित विभागों से मंजूरी मिलने के बाद एटीसी ने चालक दल को अनुमति प्रदान की जिसके बाद विमान सुबह 3-25 बजे शमशाबाद हवाई अड्डे पर उतरा। विमान उतरने पर महिला को हवाई अड्डे के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बाद में 3-42 बजे विमान ढाका के लिए रवाना हुआ। यात्री की मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

## बिना चीरफाड़ बढ़ते कैंसर पर रहेगी नजर

**यरुशलम।** इजरायल के शोधकर्ताओं ने इंसान के शरीर के कैंसर के फैलाव के स्तर को पता लगाने के लिए नई विधि टोमोग्राफी विकसित की है जिसके माध्यम से ऊतकों में गहरी आणविक प्रक्रियाओं पर बिना चीरफाड़ नजर रखा जा सकेगा।

इजरायल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (टेक्नियन) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस विधि को रासायनिक टोमोग्राफी कहा जाता है, जो शोधकर्ताओं को विभिन्न चरणों में कैंसर की प्रगति को ट्रैक करने, कैंसर जीव विज्ञान को बेहतर ढंग से समझने और कैंसर के फैलाव में शामिल जैव रासायनिक मार्गों, चयापचय मार्करों और आणविक प्रक्रियाओं का मानचित्रण करने की अनुमति देता है। यह विधि ग्राफीन-आधारित सेंसर सारणी का



उपयोग करके सांस, लार, पसीने और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का विश्लेषण करके ऊतक कार्य में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, जिसमें ग्राफीन सेंसर आंख के रूप में कार्य करते हैं और डेटा को संसाधित करने के लिए जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मस्तिष्क के रूप में कार्य करता है। यह ऑर्गेनोइड्स और थ्री डी सेल-आधारित मॉडल में संरचनात्मक और आणविक परिवर्तनों की निरंतर निगरानी की अनुमति देता है (जो प्राकृतिक ऊतकों की विशेषताओं को दोहराते हैं), जो जैव चिकित्सा अनुसंधान में महत्वपूर्ण हैं। मौजूदा तकनीकों के विपरीत (जो अक्सर ऊतकों को नुकसान पहुंचाती हैं या गहरी ऊतक प्रक्रियाओं की निगरानी करने में विफल रहती हैं) यह विधि कम लागत वाली, सटीक और बिना चीरफाड़ वाला समाधान प्रदान करती है।

## आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाएंगे भारत-ब्रिटेन

**जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर, विदेश सचिव लैमी से की मुलाकात**

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10, डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की है। डॉ. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण साझा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया। लैमी के साथ अपनी मुलाकात पर उन्होंने लिखा, शेवेनिंग हाउस में इस बेहद गर्मजोशी से स्वागत के लिए विदेश सचिव डेविड लैमी को धन्यवाद।

जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा
द्वितीय युवा महोत्सव-2025
(03 - 08 मार्च 2025)
के अंतर्गत आयोजित
अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
06 मार्च 2025 गुरुवार, सायं 7 बजे से
गरिमामयी आतिथ्य
मुख्य अतिथि: श्री कंवर सिंह तंवर जी, माननीय सांसद, अमरोहा
सान्निध्य विशेष: डॉ. हरि सिंह ढिल्लो जी, माननीय सदस्य विधान परिषद, उ.प्र.
विशिष्ट अतिथि: श्रीमती शशि जैन जी, अध्यक्षा नगर पालिका परिषद, अमरोहा
आमंत्रित कविगण
• डॉ. अनामिका अंबर • डॉ. प्रतीक गुप्ता
• सौरभ जैन 'सुमन' • गौरव गुप्ता
• सरदार प्रताप फौजदार
डॉ. अनामिका अंबर
-: विनम्र निवेदन :-
श्रीमंत/श्रेया! इस पावमानी वेला में आपकी उपस्थिति सानुरोध प्रार्थनीय है। धन्यवाद।
भवनिष्ठ
संजय मालीवाल, प्रधान, प्रबंध समिति
योगेश कुमार जैन, मंत्री, प्रबंध समिति
प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षो का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक हो चुका है।
2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow; 2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur; S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala ,MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow; 2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.); D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर) NEET-PMT/JEE-IIT/CUET नये बैच प्रारम्भ क्रैश कोर्स
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt.; 2016 Amjad Med. Coll. SRE; S/O DR.SHAHID AHMED S/O MD. ISLAM AHMED MOH. CHODHRAN,AZAD RD,THANABHAWAN,MZN
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut, Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli; 2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur; 2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria; D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col.; 2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur; D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड मु0नगर, 9368787704, 9837935900

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108